डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 02.12.2024 से 08.12.2024 ▸ वर्ष-41 ▸ अंक-49 ▸ मूल्य ₹ 10.00

## संक्षिप्त खबर

### सिंहस्थ वर्ष 2028 के लिए संभाग स्तरीय समिति का गठन

**भोपाल,** राज्य शासन ने सिंहस्थ वर्ष-2028 अंतर्गत आवश्यक अधोसंरचना की कार्ययोजना तैयार करने, इसके क्रियान्वयन की समीक्षा करने एवं मंत्रिपरिषद समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करने के लिए 'संभाग स्तरीय समिति' का गठन संभागीय आयुक्त, उज्जैन संभाग की अध्यक्षता में किया है। समिति का कार्य सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार नए कार्यों के प्रस्ताव नोडल विभाग को अनुशंसित करना, राज्य शासन द्वारा समिति को निर्माण एवं क्रय के कार्यों, सिंहस्थ मद के उत्तरदायित्व सौंपे जाने पर उन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति एवं क्रय प्रक्रिया पूर्ण करना है।

### 43वें आईआईटीएफ में मध्यप्रदेश मंडप स्वर्ण पदक से सम्मानित

**दिल्ली,** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 14 से 27 नवम्बर तक आयोजित हुए 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) में मध्यप्रदेश के मंडप को राज्यों की श्रेणी में सब्जेक्टिव प्रजेंटेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। समारोह में यह पुरस्कार इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप सिंह खरोला ने मध्यप्रदेश मंडप के संचालक श्री बीएन तिवारी को प्रदान किया। कार्यक्रम में एमपीआईडीसी के शाखा प्रबंधक श्री सीके प्रिंस और मध्यप्रदेश मंडप के विशेष सहायक श्री जगमोहन भी उपस्थित थे। मंडप में मेले की थीम 'विकसित भारत@2047' के अनुरूप प्राचीन सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर के साथ तेजी से विकसित होते मध्यप्रदेश के स्वरूप को प्रदर्शित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिलने पर दी बधाई

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित ट्रेवल एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव एंड अवॉर्ड्स में 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर' से सम्मानित होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग को प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित होने पर प्रदेशवासियों के लिए गर्व का क्षण है। यह सम्मान प्रदेश की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए नवाचारों का प्रतिफल है।

### भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

---

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी के म्यूनिख में "इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटी इन मध्यप्रदेश" को संबोधित किया

# पुरुषार्थ और परमार्थ का संगम है जर्मनी, इससे जुड़कर उद्योग के नये मार्ग होंगे प्रशस्त

- निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध करायेंगे हर सुविधा।
- प्रक्रियात्मक कठिनाइयां नहीं आने देंगे।
- निवेशक हमारे लिये मेहमान नहीं, हमारा परिवार हैं।
- मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिये उपलब्ध हैं स्वर्णिम अवसर।

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव म्यूनिख में 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटी इन मध्यप्रदेश' को संबोधित करते हुए*

**म्यूनिख,** भारत और जर्मनी के आपसी संबंध हमेशा से बेहतर रहे हैं। पुरुषार्थ और परमार्थ से परिपूर्ण जर्मनी ने भारत के साथ हमेशा उद्योग मैत्री का रवैया रखा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी के म्यूनिख में इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटी इन मध्यप्रदेश को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जर्मनी के निवेशकों को मध्यप्रदेश में आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए निवेशकों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। हमने निवेशकों के हित में जटिलताओं को समाप्त किया तथा सरलीकृत कर प्रक्रियात्मक कठिनाइयों को दूर करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने भोपाल में फरवरी माह में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में आने के लिए जर्मनी के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया।

**नागरिकों की जीवटता सराहनीय है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्मनी के उद्योगपति जर्मनी ही नहीं, विश्व के कई देशों में ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जर्मन विद्वान मैक्समूलर का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय ग्रंथों और वेदों का जर्मन सहित अन्य भाषाओं में अनुवाद किया। वे संस्कृत के भी विद्वान थे। स्वामी विवेकानंद भी उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते थे।

**महत्वपूर्ण स्वीकृतियां 30 दिन में**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग स्थापना में आने वाली मुश्किलों को दूर करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार ने विशेष प्रयास किये हैं। मध्यप्रदेश देश का इकलौता प्रदेश है, जहां उद्योग संबंधी सभी प्रकार की अनुमतियां और स्वीकृतियां मात्र 30 दिन में दी जाती हैं।

**जर्मन निवेशकों के लिए आइडियल डेस्टिनेशन**

डॉ. टोबियास रोसेन्थाल, चेयरमैन, बेयरलोशर ने कहा कि जर्मन निवेशकों के लिये मध्यप्रदेश आइडियल डेस्टिनेशन है। मध्यप्रदेश में एडिटिव प्लास्टिक उत्पादक कंपनी बेयरलोशर के चेयरमैन डॉ. रोसेन्थाल ने मध्यप्रदेश में उद्यमिता के अपने 25 वर्ष के अनुभव साझा करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश में उनका इतना अच्छा अनुभव रहा कि उनकी कंपनी ने दुनियाभर के 15 प्लांट्स में सबसे बड़ा प्लांट मध्यप्रदेश में स्थापित किया।

**भारत और जर्मनी के संबंध अतीत काल से बहुत गहरे हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी के अतीत काल से बहुत गहरे संबंध हैं। विशेष रूप से उद्योग और व्यवसाय जगत में भी हमारे संबंध बहुत मजबूत हैं।

## निवेश के लिए विभिन्न सेक्टर्स में उद्योगपतियों ने दिखाई रुचि

**लंदन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूके यात्रा के दौरान लंदन में बताया कि हम विदेशी निवेश को मध्यप्रदेश की धरती पर आमंत्रित करने के लिए यहां आए हैं। अनेक उद्योगपतियों ने विभिन्न सेक्टर्स में निवेश के लिए रुचि दर्शायी है। आईटी सेक्टर, शिक्षा, रिन्यूएबल एनर्जी, उद्योग, माइनिंग, फूड प्रोसेसिंग, हेल्थ और सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में निवेश के लिए उद्योगपति आगे आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति का मुख्य आधार वहां के उद्योग धंधे हैं। यह उनकी इंडस्ट्रियल ग्रोथ बताती है, जितने अधिक उद्योग धंधे होंगे उतने अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने निवेशकों को प्रदेश में आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चाहे अमेरिका हो या जर्मनी हो उद्योग धंधे विकास का मूल आधार हैं।

## भारतीय टेक्नोलॉजी और जर्मन एक्सपर्ट्स करेंगे औद्योगिक विकास

**जर्मनी,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी दौरे पर बवेरिया राज्य के चांसलरी प्रमुख और संघीय एवं यूरोपीय मामलों के साथ मीडिया विभाग के मंत्री डॉ. फ्लोरियन हैरमेन से मुलाकात की। इस मुलाकात में राज्य स्तर पर सहयोग के विभिन्न अवसरों पर चर्चा की गई। चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं डॉ. हैरमेन ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और जर्मनी के बीच मजबूत होते रिश्तों को आगे बढ़ाने की दिशा में राज्य स्तर पर भी साझेदारी बढ़ाने पर रजामंदी दिखाई। दोनों नेताओं ने तकनीकी नवाचार, सुपरकंप्यूटिंग, ऑटोमोटिव सेक्टर, एरोनॉटिक्स और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग के पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

**उम्मीदों से बेहतर रही जर्मनी में औद्योगिक शुरुआत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्मनी और मध्यप्रदेश का आपसी सहयोग औद्योगिक क्रांति के नए द्वार खोलने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जर्मनी की बवेरिया स्टेट के चांसलर डॉ. हैरमेन के साथ विस्तार से बात हुई है। मध्यप्रदेश में जर्मन एक्सपर्ट्स आयेंगे, साथ ही टेक्नोलॉजी भी उपलब्ध करवायेंगे। दोनों देश आपसी समन्वय से मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

**टाइम मैनेजमेंट से हुए प्रभावित**

मुख्यमंत्री जर्मन प्रतिनिधिमंडल के टाइम मैनेजमेंट से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि जो समय को

जीतता है, वह दुनिया को जीत सकता है। उन्होंने जर्मनी की आर्थिक सुदृढ़ता और परिवर्तन को प्रेरणादायक बताते हुए इसे राष्ट्रीय विकास और रणनीतिक प्रगति का एक आदर्श मॉडल निरूपित किया। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश और बवेरिया के बीच जलवायु नीति से जुड़े संकटों का समाधान, तकनीकी नवाचारों, उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और मध्यप्रदेश के नागरिकों के लिए रोज़गार के अवसर सृजित करने की दिशा में मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के मंडीदीप और पीथमपुर में पहले से मौजूद जर्मन निवेशों के सुगम समन्वय के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में एक विशेष राज्य सरकारी संपर्क कार्यालय स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा की।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर है अग्रसर - मुख्यमंत्री

**लंदन,** मध्यप्रदेश भारत का दिल है, देश के सभी अंचलों के लोग यहां बसते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर में देश तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है। मध्यप्रदेश भी उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में दिन-दूनी-रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लंदन में रॉयल नेशनल होटल में आयोजित फ्रेंड्स ऑफ एमपी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेल्थ, टूरिज्म, आईटी, एजुकेशन, गारमेंट्स सहित हर क्षेत्र में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधोसंरचना का क्षेत्र हो या अन्य मूलभूत सुविधाओं का क्षेत्र, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार औद्योगिक विकास और निवेश संवर्धन के लिए प्रभावी कार्य कर रही है।



**मध्यप्रदेश के विकास क्रम पर डाला प्रकाश**

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के विकास क्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष-2003 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन वर्तमान में प्रदेश में कुल 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। सभी 55 जिलों में एक्सीलेंस कॉलेज संचालित हैं।

**प्रधानमंत्री की नेतृत्व क्षमता को दुनिया ने स्वीकारा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विज़न और उनकी नेतृत्व क्षमता ने विश्व में भारत की साख को स्थापित किया है। दुनिया के देशों में प्रधानमंत्री श्री मोदी की नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता ने भारत और भारतवासियों का गर्व और मान विश्व में बढ़ाया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को प्राप्त श्री मोदी के सशक्त और समर्थ नेतृत्व से भारतवासी स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं।

## 23 नवम्बर

### सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप के लिए आवेदन किए शुरू

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस छात्रवृत्ति योजना के लिए छात्राएं 23 दिसंबर, 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। इस स्कीम के लिए आवेदन करने की इच्छुक और योग्य छात्राएं आधिकारिक वेबसाइट www.cbse.gov.in/ पर जाकर अपना एप्लीकेशन फॉर्म भर सकती हैं।

● अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) गूगल की व्यावसायिक प्रथाओं में महत्वपूर्ण बदलावों पर जोर दे रहा है, जिसमें कंपनी को अपने लोकप्रिय क्रोम इंटरनेट ब्राउजर को बेचने के लिए मजबूर करने का अनुरोध करना शामिल है। यह कदम डीओजे द्वारा अगस्त में दिए गए उस फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि गूगल ने अवैध रूप से खोज बाज़ार पर एकाधिकार कर लिया है। डीओजे के अनुरोध में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और गूगल के एंड्रॉइड स्मार्टफोन ऑपरेटिंग सिस्टम से संबंधित उपाय भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि गूगल ने लंबे समय से लोगों के इंटरनेट एक्सेस करने के तरीके पर अपना दबदबा बनाए रखा है। इसका क्रोम ब्राउजर वैश्विक ब्राउज़र बाजार के लगभग दो-तिहाई हिस्से पर कब्जा करता है, और यह गूगल के सर्च इंजन के साथ काफी हद तक एकीकृत है, जो इसके विज्ञापन व्यवसाय की आधारशिला है। क्रोम का उपयोग करके, उपयोगकर्ता गूगल सर्च पर निर्देशित होते हैं और कंपनी को मूल्यवान डेटा प्रदान करते हैं जो विज्ञापनों को लक्षित करने में मदद करता है। इंटरनेट और विज्ञापन दोनों पर नियंत्रण के इस स्तर ने तकनीकी उद्योग में प्रतिस्पर्धा के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## 24 नवम्बर

### देश में बना पहला संविधान म्यूजियम

● हरियाणा के सोनीपत में ओपी जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय, जगदीशपुर में खोला गया देश का पहला संविधान संग्रहालय अनूठी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक से बनाया गया है। संग्रहालय देश के संविधान के महत्वपूर्ण तत्वों तथा प्रमुख प्रावधानों की गहन और रोचक खोज के लिए तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सी. राजकुमार ने बताया कि संग्रहालय का उद्देश्य संविधान को सुलभ और प्रासंगिक बनाना है। यहां आगंतुक अत्याधुनिक तकनीक और मल्टीमीडिया के माध्यम से संविधान के निर्माण की तरफ ले जाने वाली घटनाओं को देख सकते हैं। जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय और आईआईटी मद्रास के सहयोग से एक अनोखे टूर गाइड रोबोट साम्विद के माध्यम से संग्रहालय में भारत को गणराज्य बनाने वाले ऐतिहासिक दस्तावेज को जीवंत किया गया है। संग्रहालय के केंद्र में भारतीय संविधान की 1000 फोटो लिथोग्राफिक प्रतियों में से एक प्रदर्शित है। संविधान सभा के करीब 300 सदस्यों की स्मृति में उनकी मूर्तियों के बस्ट संग्रहालय में लगाए गए हैं, जिससे उनके योगदान को पहचाना जा सके। इसके साथ ही संग्रहालय में डॉ. बीआर आंबेडकर का होलोग्राम प्रदर्शन भी है। इस होलोग्राम में उनके भाषणों और लेखों पर आधारित उत्तर प्रस्तुत किए गए हैं।

● संघर्ष विराम के प्रयासों के बीच इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ सैन्य अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में लेबनान पर इजरायली हमले में 28 लोग मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य बेरूत में हवाई हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, वहीं राजधानी के उत्तर-पूर्व में हुए हमलों में 13 अन्य लोग मारे गए। लेबनान की राजधानी में इस हफ्ते चौथी बार हमला किया गया। लेबनानी सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, मध्य बेरूत में एक आठ मंजिला इमारत को निशाना बनाया गया। इस पर चार मिसाइलें दागी गईं। इसके साथ ही हमले में सुरंगों को तबाह करने वाली मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया।

## 25 नवम्बर

### केंद्र ने एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांग आरक्षण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

● केंद्र सरकार ने कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण और पदों की पहचान सुव्यवस्थित करने के लिए

व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें ऐसे पदों की समय-समय पर पहचान और उनका मूल्यांकन करने के लिए समितियों का गठन अनिवार्य किया गया है। साथ ही दृष्टि बाधित, चलने-फिरने में अक्षम, श्रवण बाधित व बौद्धिक अक्षमता सहित विभिन्न श्रेणियों में सीधी भर्ती और पदोन्नति में चार प्रतिशत आरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि अगर कोई पद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त समझा जाता है तो उसके बाद के पदोन्नति वाले सभी पद भी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रहेंगे। ये दिशा-निर्देश दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुरूप हैं। नए दिशा-निर्देशों का उद्देश्य केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों में दिव्यांग व्यक्तियों को रोज़गार में समावेशिता, निष्पक्षता और एकरूपता सुनिश्चित करना है।

● रूस के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में कीव की ओर से किए गए मिसाइल हमले में 500 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए। ग्लोबल डिफेंस कार्प का हवाला देते हुए योनहाप समाचार एजेंसी ने दावा किया कि कुर्स्क क्षेत्र पर स्टार्म शैडो मिसाइल से यूक्रेन ने हमला बोला था। उत्तर कोरिया ने रूस में 10,000 से अधिक सैनिक भेजे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि कुर्स्क में युद्ध में शामिल उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत हुए हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, रूस ने कुर्स्क क्षेत्र में सैन्य अभियान तेज कर दिया है। वह यूक्रेनी सेना को पीछे धकेलने में कामयाब भी हो रही है। इस अभियान के कारण यूक्रेन ने कुर्स्क में कब्जा किए गए क्षेत्र का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा खो दिया है। अगस्त में हमले के बाद लगभग 1,376 वर्ग किलोमीटर पर यूक्रेनी सेना ने नियंत्रण कर लिया था। अब यह लगभग 800 वर्ग किलोमीटर बचा है।

## 26 नवम्बर

### केंद्र सरकार ने पैन 2.0 परियोजना को मंजूरी दी

● सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की

मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 1,435 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ आयकर विभाग की पैन 2.0 परियोजना को अपनी मंजूरी दे दी है। पैन 2.0 परियोजना करदाता पंजीकरण सेवाओं में प्रौद्योगिकी-संचालित परिवर्तन को सक्षम बनाती है और इसका उद्देश्य बेहतर गुणवत्ता के साथ पहुंच को आसान और त्वरित सेवा प्रदान करना है।

● काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने आईसीएसई कक्षा 10 और आईएससी कक्षा 12 के लिए डेटशीट 2025 को जारी कर दिया है। इन परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र आधिकारिक वेबसाइट cisce.org पर जाकर अपना टाइम टेबल डाउनलोड कर सकते हैं। सीआईएससीई द्वारा दी गई आधिकारिक सूचना के अनुसार, कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 27 मार्च, 2025 तक चलेंगी। जबकि, कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी और 5 अप्रैल, 2025 को समाप्त होंगी।

## 27 नवम्बर

### आधार फ्री में अपडेट करने की समय-सीमा में वृद्धि

● यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने घोषणा की है कि आप 14 दिसंबर, 2024 तक बिना किसी शुल्क के अपने आधार विवरण को ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। पहले, आधार कार्ड अपडेट की मुफ्त समय-सीमा 14 जून, 2024 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 14 सितंबर, 2024 किया गया था। अब, आपको अपने आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए 14 दिसंबर, 2024 तक का समय मिल गया है। इस तिथि के बाद, आधार विवरण अपडेट करने के लिए शुल्क देना होगा।

● अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मछली पकड़ने वाले एक ट्रॉलर से जब्त की गई लगभग 6,000 किलोग्राम मादक पदार्थ मेथमफेटामाइन भारत में सबसे बड़ी समुद्री जब्ती में से एक है। इसकी कीमत लगभग 36,000 करोड़ रुपये है। ऐसा संदेह है कि यह प्रतिबंधित पदार्थ थाईलैंड जा रहा था। मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले फिलहाल पुलिस की हिरासत में हैं। द्वीपसमूह के पुलिस महानिदेशक श्री हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने कहा कि ऐसा लगता है कि मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई और वह थाईलैंड की ओर जाने की बजाय भारतीय जलक्षेत्र की ओर चला गया। गिरफ्तार किए गए छह म्यांमारियों पर एनडीपीएस अधिनियम, 1985 और विदेशी अधिनियम, 1946 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 28 नवम्बर

### भारतीय रेल जारी करेगी नियुक्ति कैलेंडर

● अब ऐसे उम्मीदवार जो रेलवे भर्ती में भाग लेंगे उनको परीक्षा की तारीख से लेकर नियुक्ति की तारीख तक की जानकारी पहले से होगी। रेलवे ने यूपीएससी, एसएससी आदि की तरह जो अपना परीक्षा कैलेंडर पहले ही जारी कर देते हैं की तर्ज पर कैलेंडर बनाने की घोषणा की है। रेलवे की ओर से इस प्रक्रिया की शुरुआत आरआरबी असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती से कर दी गई है। आरआरबी असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए परीक्षा 25, 26, 27, 28 और 29 नवंबर, 2024 को आयोजित की जाएगी। इस भर्ती में 22.25 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं।

● अब सियाचिन ग्लेशियर, कारगिल और गलवान घाटी की बर्फीली चोटियों का आनंद पर्यटक भी ले सकेंगे। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना ने पर्यटकों को बर्फीली चोटियों पर जाने की अनुमति देने का फैसला किया है, ताकि उन्हें इन दुर्गम युद्धक्षेत्रों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में प्रमुख विषय आतंकवाद से पर्यटन में बदल गया है और सेना ने इस परिवर्तन में मदद की है।

## 29 नवम्बर

### भारतीय सेना ने लॉन्च किया 'एकलव्य' प्लेटफॉर्म

● सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना के लिए एक ऑनलाइन शिक्षण मंच लॉन्च किया, जिसका नाम 'एकलव्य' रखा गया है। एकलव्य सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म को आर्मी वॉर कॉलेज की प्रायोजक एजेंसी के साथ मुख्यालय आर्मी ट्रेनिंग कमांड के तत्वावधान में विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म को 'भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जियोइन्फॉर्मेटिक्स', गांधीनगर के माध्यम से शून्य लागत पर विकसित किया गया है, साथ ही सूचना प्रणाली महानिदेशालय के सहयोग से भी विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म को आर्मी डेटा नेटवर्क पर होस्ट किया गया है और इसमें एक स्केलेबल आर्किटेक्चर है। यह मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान को भारतीय सेना के किसी भी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान को सहजता से एकीकृत करने में सक्षम बनाता है, जिनमें से प्रत्येक व्यापक श्रेणी के पाठ्यक्रमों की मेजबानी करने में सक्षम हैं।

● 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबन्ध लगाने वाला विश्व का पहला कानून ऑस्ट्रेलियाई संसद द्वारा पारित कर दिया गया। यह कानून टिकटॉक, फेसबुक, स्नैपचैट, रेडिट, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्मों को 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खाते रखने से रोकने में प्रणालीगत विफलता के लिए 50 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक के जुर्माने के लिए उत्तरदायी बनाएगा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा कि यह कानून उन अभिभावकों का समर्थन करता है जो अपने बच्चों को ऑनलाइन होने वाले नुकसान से चिंतित हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

# बीस हजार से अधिक गैस पीड़ितों के बनाये गये आयुष्मान कार्ड

**भोपाल,** राज्य सरकार द्वारा भोपाल गैस पीड़ितों और उनके बच्चों को आयुष्मान 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसमें गैस पीड़ितों एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। 28 नवम्बर तक 20 हजार 27 गैस पीड़ितों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधीन संचालित 6 अस्पतालों एवं 9 औषधालयों में सभी प्रकार के उपचार एवं आवश्यकतानुसार सुविधाएं निःशुल्क दी जा रही हैं। साथ ही आयुष्मान भारत 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी अनुबंधित अस्पतालों में भी गैस पीड़ितों को उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

विशेष प्रकरणों में इस योजना में निर्धारित पैकेज के अतिरिक्त इलाज पर खर्च होने पर संबंधित अस्पताल को उसकी प्रतिपूर्ति गैस राहत विभाग द्वारा की जाती है। गैस पीड़ित मरीज एवं उनके बच्चों को किडनी, लीवर ट्रांसप्लांट एवं अन्य प्रकार की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये विशेष प्रकरण मानते हुए मरीजों को आवश्यकतानुसार इलाज की सुविधा भी दी जा रही है। भोपाल गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को कैंसर के उपचार के लिये गैस राहत विभाग द्वारा 3 निजी अस्पतालों एवं एम्स भोपाल के साथ अनुबंध भी किया गया है। यहां पीड़ितों को कैंसर के उपचार की निःशुल्क सुविधा दी जा रही है।


वर्ष 41, अंक 49 02.12.2024 से 08.12.2024

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

### जनजातीय वर्ग के हुनरमंद कारीगरों के लिये

# उन्नीस जिलों में बनेंगे जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार

मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय वर्ग के विकास और कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है। अपनी प्रतिबद्धता अनुरूप जनजातीय वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य निरंतर चल रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने जनजातीय समाज के हुनरमंद कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। प्रदेश के 19 जिलों में जनजातीय ग्रामीण हाट बजार विकसित किये जाने की दिशा में कार्य आरंभ हो गया है। देश के सभी जनजातीय बहुल गांवों के चहुंमुखी विकास के लिये केन्द्र सरकार द्वारा "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए)" चलाया जा रहा है। इस अभियान में मध्यप्रदेश के 11 हजार 377 चिन्हित जनजातीय बहुल गांवों में हर जरूरी विकास कार्य कराने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह के अनुसार अभियान में होने वाले विकास कार्यों के लिये 6 सेक्टर्स बनाये गये हैं। पहले सेक्टर में "जनजातीय बहुल गांवों में घरेलू एवं सामुदायिक बुनियादी संरचनाएं" तैयार की जायेंगी। इसमें जनजातियों को पक्का मकान, पक्की सड़क, हर घर नल से पेयजल, होम स्टे, जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केन्द्र स्थापना एवं घर-घर घरेलू गैस आपूर्ति से जुड़ी संरचनाएं निर्मित की जायेंगी। दूसरे सेक्टर में "स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार" के लिये मोबाइल मेडिकल यूनिट, सिकल सेल एनीमिया रोग के उन्मूलन के लिए देखभाल, सक्षमता केंद्र, नई आंगनवाड़ियां एवं पोषण वाटिकाओं का निर्माण तथा सभी पात्रों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये जायेंगे। "शिक्षण एवं प्रशिक्षण" के तीसरे सेक्टर में जरूरी संस्था में छात्रावास, जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिये आश्रम एवं विद्यालयों का निर्माण एवं जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) बनाये जायेंगे। चौथे सेक्टर में "विद्युतीकरण कार्य" में ग्रिड बिजली कनेक्शन, ग्रिड सोलर कनेक्शन एवं शासकीय संस्थानों की छत पर सोलर सिस्टम लगाये जायेंगे। पाँचवें "आर्थिक सशक्तिकरण" सेक्टर में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार दावों का त्वरित प्रदाय, वन अधिकार पत्र धारकों के लिये जीविका उपार्जन की व्यवस्था, मत्स्य पालन एवं कृषि उत्पादन विस्तार के लिये सभी जरूरी सहयोग प्रदान किये जायेंगे। जनजातीय क्षेत्रों में "कनेक्टिविटी बढ़ाने" के छठवें सेक्टर में रिमोट क्षेत्र में फोर-जी मोबाइल कनेक्टिविटी एवं डिजिटल इनीशिएटिव्स के प्रसार पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। अभियान में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा देशभर में 100 ट्राइबल मल्टी-पर्पज मार्केटिंग सेंटर्स (टीएमएमसी) या 'जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार' या कहें ट्राइबल मार्ट तैयार करने की योजना है। अभियान के तहत राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय को 19 जिलों में एक-एक टीएमएमसी जनजातीय ग्रामीण हाट बाजार या ट्राइबल मार्ट स्थापना के लिये विधिवत् प्रस्ताव भेज दिया गया है। यह टीएमएमसी बुरहानपुर, खण्डवा (खालवा), झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगौन, धार, मण्डला, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, डिण्डौरी, नर्मदापुरम, बैतूल, रतलाम, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, सीधी में बनाये जाना प्रस्तावित हैं। प्रस्ताव अनुसार ये टीएमएमसी एक-एक करोड़ रुपये लागत से लगभग 2000 स्क्वायर मीटर लैंड एरिया में बनाये जायेंगे, जिसका बिल्ट-अप लैंड एरिया करीब 367.80 स्क्वायर मीटर होगा। इस अभियान के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिये राज्य एवं जिला स्तर से विभिन्न प्रकार की सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियां (कैम्पेनिंग) भी संचालित की जायेंगी। अभियान के क्रियान्वयन के लिये प्रदेश के सभी जिलों के 267 ब्लॉक के 11 हजार 377 जनजातीय बहुल गांव चिन्हित किये गये हैं। इन गांवों में रहने वाले 18 लाख 58 हजार 795 जनजातीय परिवारों की कुल 93 लाख 23 हजार 125 जनजातीय आबादी को इस अभियान के सभी तय लक्ष्यों से सीधे तौर पर लाभान्वित करने की सरकार की योजना है।

## मंगल ग्रह पर मिले जीवन होने के संकेत

सौरमंडल हमेशा से ही वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिये शोध का एक मुख्य विषय रहा है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया की कर्टिन यूनिवर्सिटी के एक समूह ने सौरमंडल के मंगल ग्रह पर जो शोध कार्य किया है वह चर्चा का विषय बना हुआ है। शोधार्थियों के अनुसार मंगल ग्रह पर पानी की मौजूदगी से जुड़े संकेत समय-समय पर मिलते रहे हैं। लेकिन शोधार्थियों के अनुसार मंगल ग्रह पर किसी समय में जीवन का कोई स्वरूप था। कर्टिन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम ने मंगल ग्रह से आए ऐसे उल्का पिंड के टुकड़े का अध्ययन किया जो वर्ष 2011 में सहारा रेगिस्तान में मिला था। लगभग कई वर्षों पुराना यह उल्का पिंड ब्लैक ब्यूटी के नाम से जाना जाता है। शोधकर्ताओं ने लगभग 4 अरब साल पुराने उल्का पिंड के टुकड़े जिरकॉन का अध्ययन किया। रिसर्च में मालूम हुआ कि जिरकॉन का यह दाना एक प्रकार का खनिज है, जिसमें पानी से बहने वाले भू-रसायन मिले हुए हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि जब शुरुआती मंगल ग्रह पर ज्वालामुखी गतिविधि हुआ करती थी, तब ग्रह पर पानी मौजूद था और काफी सक्रिय भी था। कर्टिन स्कूल ऑफ अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंसेज के अध्ययन के सह-लेखक आरोन कैवोसी ने बताया कि यह खोज प्राचीन मंगल ग्रह के हाइड्रोथर्मल सिस्टम को समझने के लिए नए रास्ते खोलेगी। इसके साथ ही ग्रह पर उस दौर के जीवन को पनपने लायक बनाने के हालात के बारे में भी बताएगी। विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 4 अरब साल पहले मंगल ग्रह पर गर्म पानी के इन संकेतों का पता लगाने के लिए, नैनो-स्केल जियोकेमिस्ट्री का इस्तेमाल किया गया। हाइड्रोथर्मल सिस्टम पृथ्वी पर जीवन के विकास के लिए जरूरी थे और हमारे नतीजों से पता चलता है कि मंगल ग्रह पर भी पानी था। **- विकास तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

### "हम होंगे कामयाब" पखवाड़ा आरंभ

# महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा प्रबंधों में अग्रणी मध्यप्रदेश का एक और क्रांतिकारी अभियान

महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति समाज जागरण के लिये 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़ा आरंभ किया है जो दस दिसम्बर तक चलेगा। इसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में सभा, सम्मेलन, संगोष्ठियां और वेबिनार आयोजित किये जा रहे हैं। पखवाड़े में आयोजित कार्यक्रमों का समन्वय प्रत्येक जिला कलेक्टर कर रहे हैं।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश द्वारा आरंभ की गई अनेक योजनाओं का अन्य प्रांतों ने अनुसरण किया है। इसके लिये मध्यप्रदेश को एक मॉडल राज्य भी कहा गया है। भारत को विश्व में अग्रणी देश बनाने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'gyan का सम्मान' मंत्र दिया है। इसके अंतर्गत गांव, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना को पूरा करने के लिये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतत कदम उठा रहे हैं। नारी सशक्तिकरण के लिये आरंभ की गई योजनाओं के क्रियान्वयन की वे स्वयं समीक्षा करते हैं। यही कारण है कि मध्यप्रदेश लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ो अभियान, शौर्या दल, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम जैसी योजनाएं आरंभ करने और इनके क्रियान्वयन में भी अग्रणी है। मुख्यमंत्री की पहल पर मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बना, जिसने शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिये आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ा कर 35 प्रतिशत किया। नारी सशक्तिकरण के लिये मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे इन कार्यों की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रशंसा की है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आरंभ इन तमाम योजनाओं ने महिला सशक्तिकरण के नये द्वार खोले हैं। उनमें आत्मनिर्भरता आ रही है। जो नारी कभी 'मजबूर' मानी जाती थी अब वह 'मजबूत' होकर उभर रही है। भारत सरकार और सभी राज्य सरकारों ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिये कदम उठाये हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने भी कई कड़े निर्णय लिए हैं। इनमें 'चाइल्ड रेप' पर मृत्युदंड का प्रावधान करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिला सुरक्षा के लिये कानूनी प्रावधान के साथ एक सामाजिक वातावरण भी बनाना चाहते हैं। यदि सामाजिक वातावरण में मर्यादा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने आप कम हो जायेंगे। भारत की संस्कृति में नारी सम्मान को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने विकास के साथ विरासत का नारा दिया है। भारत की वैचारिक विरासत नारी सम्मान की रही है। यदि प्रत्येक नागरिक के मन में नारी सम्मान का भाव जाग्रत होगा तो नारी स्वमेव सुरक्षित हो जायेगी। इसके साथ एक और सामाजिक वातावरण की आवश्यकता है कि यदि कोई व्यक्ति मर्यादा का उल्लंघन करके नारी को अपमानित करता है तो समाज स्वयं नारी की सुरक्षा के लिये सामने आये। अपराध पर नियंत्रण के लिये कानून जितना काम करता है उससे कहीं अधिक समाज का दायित्व वोध और आदर्श नागरिक मानसिकता काम करती है। महिलाओं के साथ घटने वाले अपराध और असम्मान की घटनाएं उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार से आहत करती हैं। इससे विकास गति अवरुद्ध होती है, कार्य क्षमता प्रभावित होती है, महिलाओं का मनोबल भी टूटता है। कई बार महिलाएं अवसाद में डूब जाती हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठा लेती हैं। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध रोकने और सम्मान बढ़ाने के लिये दो दिशाओं में काम करना आवश्यक है। सबसे पहले तो व्यक्तिगत, पारिवारिक और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं का सम्मान होना चाहिए। उनके प्रति एक आदर्श भावना होनी चाहिए। और दूसरा अपराध से निबटने के लिये महिला का मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम होना चाहिए। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश में आरंभ किया गया है यह 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़ा।

एक ओर आधुनिकतम चुनौतियों का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और कार्य क्षमता की छाप न छोड़ी हो। लेकिन समाज के भीतर पारिवारिक वातावरण में आज भी कहीं-कहीं बेटी और बेटे के बीच भेदभाव के समाचार आते हैं। ऐसे समाचार बेटियों की प्रतिभा पर तो प्रश्न चिन्ह लगाते ही हैं साथ ही उनका मनोबल भी गिराते हैं। इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज में बेटे और बेटी के बीच इस भेदभाव को समाप्त करना है।

### पखवाड़े के आयोजनों का कैलेंडर

इस पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का एक कैलेंडर भी जारी किया गया है। जिसमें प्रत्येक दिन आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों और विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित की जाने वाली गतिविधियों का विवरण भी दिया गया है। इस कैलेंडर के अनुसार सबसे पहले राज्य स्तरीय दो दिवसीय जेंडर संवेदीकरण कंसल्टेशन कार्यक्रम संपन्न हुये, जिसमें सभी जिलों में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्चुअल सहभागिता की। दूसरे दिन युवाओं के साथ 'जेन्डर आधारित हिंसा' पर संवाद और 'जेन्डर आधारित हिंसा का मनोवैज्ञानिक प्रभाव' विषय पर चर्चा हुई। साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर जेंडर संवेदनशीलता और जेन्डर आधारित मुद्दों से निपटने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, देखभाल संस्थान के कर्मचारियों, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, शौर्य दल और शक्ति निवास तथा ऊर्जा महिला डेस्क कर्मियों के लिये वेबिनार एवं कार्यशाला भी हुई। पखवाड़े के तीसरे दिन जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर बाल विवाह निषेध अधिनियम और इन कानूनों के उल्लंघन के कानूनी परिणामों पर वेबिनार और सत्र का आयोजन और बाल विवाह मुक्त भारत की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इसी के साथ पूरे पखवाड़े में महिलाओं के अधिकारों, हेल्पलाइन पोर्टल के प्रति जागरुकता लाने, पास्को, घरेलू हिंसा और बाल विवाह निषेध जैसे प्रमुख कानूनों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। घरेलू हिंसा की रिपोर्ट करने और उपलब्ध सहायता सेवाओं तक पहुंचने के महत्व पर केन्द्रित गतिविधियां, कानूनी जागरूकता संबंधी कार्यशाला के साथ सेमिनार, संवाद, काव्य प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम किये जा रहे हैं। पखवाड़े अंतर्गत समुदाय जेंडर उन्मुखीकरण, संस्थागत संबंधों को मजबूत करना, सकारात्मक पुरुषत्व विषय पर संवेदीकरण, आपातकालीन हेल्पलाइन एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता, कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता के प्रति जानकारी देकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। पखवाड़े के अंतिम दिन राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम होगा, जिसमें स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। साथ ही सभी जिलों से अधिकारी वर्चुअल शामिल होंगे। इन संगोष्ठियों में महिलाओं को यह प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है कि आपात स्थिति का सामना करने के लिये उन्हें क्या करना चाहिए। जैसे टैक्सी में पैनिक बटन कहां होता है और उसका उपयोग कैसे करना है। इसके साथ यह निर्देश भी दिये गये हैं स्कूल, कॉलेज, विभिन्न औद्योगिक अथवा विभागीय वाहनों में कंडक्टर, ड्राइवर अथवा क्लीनर को पुलिस वेरीफिकेशन के बाद ही काम पर रखा जाये, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी का अपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है। पुलिस को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि सार्वजनिक परिवहन वाहनों और टैक्सियों में पैनिक बटन का प्रावधान हो और एक से अधिक स्थानों पर पैनिक बटन स्थापित किए जाएं।

### मुख्यमंत्री ने की अपील

अपने संदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस दृष्टि से 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़ा मनाने जा रहे हैं। इसमें पुरुष वर्ग की भूमिका ज्यादा अहम है। पुरुष अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव लाकर समाज में फैले नकारात्मक दृष्टिकोण को चुनौती दे सकते हैं, जो महिलाओं के प्रति हिंसा का मुख्य कारण है। हम सब पुरुषों की जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज और परिवार में अपनी माता-बहनों को सुरक्षित रखें और उनकी चिंता करें। हमें जन्म से ही घर में लड़कों को यह सिखाना होगा कि हर बेटी और महिला का सम्मान करें। बेटियों के साथ शारीरिक हिंसा या शोषण न हो, इसकी चिंता करें और उन्हें अपने बराबर का समझें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों को जागरूक करें और महिलाओं पर होने वाली हिंसा का विरोध करें। साथ ही समाज और परिवार में सभी समानता का माहौल बनाएं। बेटे-बेटी और महिला-पुरुष का भेदभाव समाप्त होना चाहिए। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए समाज, सरकार और कानून सभी का समान रूप से सहयोग आवश्यक है। तभी हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकेंगे, जहां हर महिला और हर बहन सुरक्षित होगी और अपने सपनों को साकार कर सकेगी।

यदि किसी को मदद की जरूरत हो तो तुरंत चाइल्ड लाइन 1098 या महिला हेल्प लाइन 181 पर डायल कर सकते हैं। डायल 100 पर भी सम्पर्क कर मदद ली जा सकती है। राज्य सरकार सभी का सम्मान करते हुए विशेष रूप से माता और बहनों के प्रति समाज के योगदान को कभी नहीं भूलेगी। सरकार महिलाओं के साथ सदैव खड़ी दिखाई देगी। आईए हम सब मिलकर 'हम होंगे कामयाब' पखवाड़े को सफल बनाएं।

**रमेश शर्मा**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

## राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2024, दिनांक 06.10.2024 (रविवार)

## परीक्षा परिणाम

**विज्ञप्ति क्र. -11502/27/2024/अनु.-10** **इंदौर दिनांक : 26.11.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2024** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**01. विज्ञापन क्रमांक-41/2023/30.12.2022, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 18.02.2024**

| | |
|---|---|
| 01 | शुद्धि पत्र क्रमांक-02/40/2023 दिनांक 20.03.2024 (राज्य सेवा परीक्षा-2024/राज्य वन सेवा परीक्षा- 2024 प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में परिवर्तन की सूचना)। |
| 02 | विज्ञप्ति क्रमांक- 5428/08/2024/अनु.-10 दिनांक 20.07.2024 राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2024 के परीक्षा परिणाम के संबंध में केविएट याचिका दायर किए जाने संबंधी। |
| 03 | राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2024 के आयोजन की सूचना के संबंध में, दिनांक 01.08.2024 |
| 04 | विज्ञप्ति क्रमांक-02/मुख्य परीक्षा 2024 दिनांक 10.09.2024 (ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने की सूचना संबंधी)। |

**02.** उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2024** जिला मुख्यालय इंदौर के केन्द्र पर दिनांक 06.10.2024 (रविवार) को एक सत्र में दोपहर 12:00 से 03:00 बजे तक आयोजित की गई थी।

**03.** उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :-

**विज्ञापित पदों का विवरण**

| सं.क्र. | पद का नाम/विवरण | UR | SC | ST | OBC | EWS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक वन संरक्षक | 4 | 3 | 3 | 3 | 1 | 14 |
| 2. | मुख्य भाग (87 प्रतिशत) | 4 | 3 | 3 | 2 | 1 | 13 |
| 3. | प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) | 1 | - | - | 1 | - | 1 |

**04.** राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 29 सितंबर 2022 के प्रकाश में राज्य वन सेवा परीक्षा-2024 विज्ञापन क्रमांक-41/2023/30.12.2023 में विज्ञापित मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग की जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :-

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्ट लिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत ) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग के "पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर, 2022 में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2024 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है।

राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2024 हेतु मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु) के पदों का रिक्ति विवरण विज्ञापन क्रमांक-41/2023/30.12.2023 में ही प्रकाशित कर दिया गया था। विज्ञापन के अनुसार राज्य वन सेवा परीक्षा-2024 हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का रिक्ति विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | पद का नाम | अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद | मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा अन्य वर्ग के पदों) | प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक वन संरक्षक | 3 | 2 | 1 |

उपरोक्तानुसार राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2024 के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग अ** के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल 40 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है।

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**STATE FOREST SERVICE MAIN EXAMINATION 2024 (ACF)-PART A (MAIN)**
**ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES**

| S.No. | Roll No. | S. No. | Roll No. | S.No. | Roll No. | S.No. | Roll No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 400020 | 11. | 400080 | 21. | 400145 | 31. | 400234 |
| 2. | 400022 | 12. | 400091 | 22. | 400151 | 32. | 400237 |
| 3. | 400023 | 13. | 400095 | 23. | 400158 | 33. | 400243 |
| 4. | 400037 | 14. | 400108 | 24. | 400174 | 34. | 400244 |
| 5. | 400044 | 15. | 400116 | 25. | 400180 | 35. | 400248 |
| 6. | 400052 | 16. | 400121 | 26. | 400189 | 36. | 400254 |
| 7. | 400061 | 17. | 400123 | 27. | 400195 | 37. | 400255 |
| 8. | 400062 | 18. | 400127 | 28. | 400196 | 38. | 400259 |
| 9. | 400066 | 19. | 400134 | 29. | 400212 | 39. | 400262 |
| 10. | 400077 | 20. | 400144 | 30. | 400224 | 40. | 400263 |

**प्रावधिक भाग-ब** के लिए साक्षात्कार हेतु कुल विज्ञापित पदों के 3 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु अर्ह कुल-6 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**STATE FOREST SERVICE MAIN EXAMINATION 2024 (ACF)- PART B (PROVISIONAL)**
**ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES**

| S.No. | Roll No. | S. No. | Roll No. | S.No. | Roll No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 400017 | 3. | 400082 | 5. | 400191 |
| 2. | 400076 | 4. | 400090 | 6. | 400203 |

साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :-

**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर**

परिशिष्ट प्रपत्र-01

| विज्ञापन क्रमांक : 41/2023/30.12.2023 | पद/परीक्षा का नाम : राज्य वन सेवा परीक्षा-2024 |
|---|---|
| अनुक्रमांक- .............................. | अभ्यर्थी का नाम :- .............................. |

| स.क्र. | दस्तावेज का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 2. | उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 3. | उपस्थिति पत्रक - 1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 4. | व्यक्तिगत विवरण पत्रक-1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।) | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 5. | अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 6. | घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी) 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 7. | हाई स्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 8. | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 9. | स्नातक/स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 16.09.2024 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 10. | मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। ( आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 11. | मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 12. | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (म.प्र शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)। (प्रारंभिक परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 18.02.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 13. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र - 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 14. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2023 2024 का ई.डब्ल्यू. एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 15. | महिला अभ्यर्थियों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 16. | म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 17. | मध्यप्रदेश शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 18. | भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 18.02.2024 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 19. | अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/पैन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पास बुक की प्रति/शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 20. | यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 21. | **आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी अभिवचन पत्र की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।** | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 22. | अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है। | पृष्ठ क्रमांक ...... से .... तक | ........ |
| 23. | कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में) | | |

अभ्यर्थी के हस्ताक्षरः-..................

05 साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम,

(शेष अगले पृष्ठ पर)

## मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज, खण्डवा

(क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन से सम्बद्धता प्राप्त एवं बार कौंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली से सम्बद्धता अनुमोदित) (E-mail : nehlaw@gmail.com)

**आवश्यकता है**

**(प्राचार्य, प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं लायब्रेरियन पद हेतु)**

दी लॉ एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा द्वारा संचालित-मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज, खण्डवा में कॉलेज कोड 28 के अंतर्गत नियुक्ति के लिए निम्नलिखित रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित है :-

| क्र. | पद | पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | 01 (एक) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता के साथ विधि विषय में PhD उपाधि एवं विधि स्नातकोत्तर उपाधि (LL.M. न्यूनतम 55% अंकों सहित) एवं UGC (NET) अपेक्षित है। साथ ही न्यूनतम 15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव व एकेडमिक/रिर्सच गतिविधि में 120 अंक। (वेतन UGC के नियमानुसार) |
| 2. | प्राध्यापक/ सह-प्राध्यापक | 02 (दो) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता के साथ विधि विषय में PhD उपाधि एवं विधि स्नातकोत्तर उपाधि (LL.M.न्यूनतम 55% अंकों सहित) एवं UGC (NET) परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य है। साथ ही न्यूनतम 10 से 15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव। (वेतन UGC के नियमानुसार) |
| 3. | सहायक प्राध्यापक | 04 (चार) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता के साथ विधि विषय में PhD उपाधि एवं विधि स्नातकोत्तर उपाधि (LL.M. न्यूनतम 55% अंकों सहित) एवं UGC (NET) परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य है। साथ ही न्यूनतम 01 से 05 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव। (वेतन UGC के नियमानुसार) |
| 4. | लाईब्रेरियन | 01 (एक) | M.Lib 55% NET/SLET) होना आवश्यक है। साथ ही न्यूनतम 01 से 05 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव। (वेतन UGC के नियमानुसार) |

1. आवेदक प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन, दिनांक 31.12.2024 तक सचिव, दी लॉ एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा (मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज, सिविल लाइन्स, खण्डवा) के पते पर प्रेषित करें।
2. उक्त साक्षात्कार में सभी श्रेणी के उम्मीदवारों को अपने स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना होगा। इसके लिये संस्था से कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। पदों की संख्या में परिवर्तन या विज्ञप्ति निरस्त करने का अधिकार दी लॉ एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा के पास सुरक्षित है।

R-50313/2024 **सचिव**

## कार्यालय प्रबंध संचालक
## मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालय-निष्ठा परिसर, गोविंदपुरा, भोपाल-462023

सीआईएन : U40109MP2002SGC015119

फोन ऑफिस : 0755-2602033-34, फैक्स-2589821, वेबसाइट : https://portal.mpcz.in

**मानव संसाधन विभाग (ISO 9001:2015 प्रमाणित)**

**क्रमांक/प्र.सं./म.क्षे./भर्ती/2024/7356** **भोपाल, दिनांक : 29.11.2024**

**मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना अंतर्गत छात्र प्रशिक्षणार्थियों हेतु एक वर्षीय On-the-Job-Training (OJT) प्रदान करने के लिए आवेदन हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमि. भोपाल, म.प्र. के स्थानीय निवासी, उन अभ्यार्थियों, जिनकी शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई. (इंजीनियरिंग अथवा नॉन-इंजीनियरिंग)/डिप्लोमा (इंजीनियरिंग)/स्नातक (इंजीनियरिंग अथवा नॉन-इंजीनियरिंग) उत्तीर्ण हो, से मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1232/1234356/2023/42-2 दिनांक 19.05.2023 के माध्यम से लागू **"मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना"** के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, लाइनमैन, इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मैंटेनेंस, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), स्टेनो (हिन्दी), स्टेनो (इंग्लिश), सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मानव संसाधन एवं अकाउंट जैसे विषयों पर औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को उद्योग उन्मुख एक वर्षीय **On-the-Job-Training (OJT)** प्राप्त करने हेतु कंपनी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न OJT स्थानों पर रिक्त 1305 पदों पर, इच्छुक योग्य अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित करती है। योजना में प्रशिक्षण प्राप्त करने के संबंध में नियमानुसार आवेदन **दिनांक 02.12.2024 से दिनांक 16.12.2024 तक** किए जा सकेंगे।

प्रशिक्षण से संबन्धित अर्हताओं, रिक्त स्थानों के विवरण एवं अन्य विस्तृत जानकारी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल की वेबसाइट **https://portal.mpcz.in/web/** पर प्राप्त कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117579/2024 R-50312/2024 **मुख्य महाप्रबंधक (मासं एवं प्रशा)**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03**
**भोपाल-462003, Mobile No. 9425601545**
**ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com**
**क्र.-मप्रपुआअविनि/1075/पयं/भोपाल-03/तशा/2024**
**भोपाल, दिनांक : 30.11.2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला शाजापुर, विदिशा एवं सागर में निर्माण, मरम्मत, रेनोवेशन कार्य हेतु निविदा क्रमांक-08/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्र. - 385180, 385184, 385185, 385186, 385187, 385188) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-10.12.2024 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117569/2024 R-50311/2024 **परियोजना यंत्री**

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड, भोपाल**
**क्र./1421/तशा/प.यं./2024** **दिनांक : 25.11.2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा म.प्र. पुलिस अकादमी, भोपाल के दक्ष भवन के समीप महिला एवं पुरुष शौचालय का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2024_MPPHC_384464_1 **दिनांक 09.12.2024 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117538/2024 **परियोजना यंत्री**

R-50306/2024

## M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.

**Office of Chief Engineer (EHT-Maintenance)**
**Block No. 3, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur**

**TENDER-NOTICE**

05. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 11.12.2024** तक आयोग कार्यालय को प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार

(शेष अगले पृष्ठ पर)

## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.- 18/2024/निविदा/ सा/मु.अ.भ./ भोपाल, दिनांक : 20.11.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

**स.क्र. एवं कार्य का नाम -** 1. शासकीय हाई स्कूल भवन चॉंदु जिला बैतूल मे 03 नग लैब एवं 04 नग कक्षों का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण

| पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | काय पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PWPIU_383869_1 | बैतूल | 99.35 | 99350 | 10000 | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम -** 2. कंस्ट्रक्शन ऑफ प्रपोज्ड 03 लैब एंड 04 एक्सट्रा क्लासरूम एट गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरी हरचंद डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम। | | | | | |
| 2024_PWPIU_383808_1 | नर्मदापुरम | 98.49 | 98490 | 10000 | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम -** 3 .कंस्ट्रक्शन ऑफ प्रपोज्ड 03 लैब एंड 04 एक्सट्रा क्लासरूम एट गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बागरा तवा डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम। | | | | | |
| 2024_PWPIU_383809_1 | नर्मदापुरम | 98.49 | 98490 | 10000 | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम -** 4. जोनल कांट्रेक्ट फॉर प्रोवाइडिंग एक्सटर्नल इलेक्ट्रिफिकेशन वर्क एंड ओवर हेडलाईन एट क्विायर्ड वेरियस साईट डिस्ट्रिक्ट नर्मदापुरम। | | | | | |
| 2024_PWPIU_384351_1 | नर्मदापुरम | 100.00 | 100000 | 12500 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| **स.क्र. एवं कार्य का नाम -** 5. सब जेल सारंगपुर जिला राजगढ़ में 01 बैरिक (सिंगल स्टोरी) निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण | | | | | |
| 2024_PWPIU_383936_1 | राजगढ़ | 75.04 | 75040 | 10000 | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.11.2024 समय 10.30 से **दिनांक 05.12.2024 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**जी-19599/50302/2024** **मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग भोपाल**

## कार्यालय अधिष्ठाता बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय
## सागर शिवाजी वार्ड, तिली रोड, सागर (म.प्र.) - 470001

**Website : bmcsagar.edu.in, E-mail : deansme08@yahoo.co.in**

**फोन नं. : 07582-236270, फैक्स नं. : 07582-236457**

**क्रमांक 7042/क्रय/24** **सागर, दिनांक : 25.11.2024**

बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में होने वाले आयोजनों एवं कार्यक्रमों में भोजन/नाश्ता व्यवस्था हेतु खुली निविदा आमंत्रण-सूचना

| निविदा का नाम | प्री बिड बैठक दिनांक | निविदा प्राप्त करने की प्रारंभ तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में होने वाले आयोजनों एवं कार्यक्रमों में भोजन/नाश्ता व्यवस्था हेतु खुली निविदा | 09.12.2024 | 02.12.2024 दोपहर 12:00 बजे से | 16.12.2024 दोपहर 12:00 बजे तक | 17.12.2024 सुबह 12:00 बजे पश्चात |

इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति ऑनलाइन वेबसाइट **http//mptender.gov.in** से एवं हमारी वेबसाइट **www.bmcsagar.edu.in** से भी निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निविदा में किये गये कोई भी संशोधन की जानकारी केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जावेगी।

**अधिष्ठाता**

**जी-19625/50304/2024** **बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर (म. प्र.)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग संभाग रतलाम

**Website : www.mp.gov.in/pwdmp, Email : eepwdratlam@mp.nic.in**

**Phone : 07412-270437, Fax : 232445**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 43 - 51/एस. ए. सी./2024-25** **रतलाम, दिनांक : 22.11.2024**

### निविदा विज्ञप्ति

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**क्र. एवं कार्य का नाम - 1.** धानासुता से भाटपचलाना पहुंच मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित।

| टेण्डर क्रमांक | जिला | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 2024_PWDRB_383996_1 | रतलाम | प्रथम | 341.44 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 2. झरखेड़ी से कुड़ीपाड़ा पहुंच मार्ग लम्बाई 3.00 कि. मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_383997_1 | रतलाम | प्रथम | 309.07 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 3. सादाखेड़ी से नागदी जावरा मार्ग लम्बाई 2.60 कि. मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_383998_1 | रतलाम | प्रथम | 219.71 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 4. जावरा चौपाटी से व्हाया हरियाखेड़ा से जावरा बायपास पहुंच मार्ग लम्बाई 4.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_384000_1 | रतलाम | प्रथम | 389.76 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 5. भाटखेड़ी से आक्यादेह पहुंच मार्ग लम्बाई 2.40 कि. मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_384002_1 | रतलाम | प्रथम | 186.43 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 6. ताराखेड़ी से नगरी पहुंच मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_384004_1 | रतलाम | प्रथम | 127.51 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 7. बामनखेड़ी से जुमनिया शंकर मार्ग लं. 3.00 कि.मी. एवं करवाखेड़ी से नेगरून मार्ग लं. 1.80 कि.मी. कुल लम्बाई 4.80 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_384006_1 | रतलाम | प्रथम | 444.29 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 8. निपानियालीला से गुराड़िया मार्ग लम्बाई 3.00 कि. मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_384009_1 | रतलाम | प्रथम | 267.20 |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 9. सुरजना से कीरखेड़ा मार्ग लम्बाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। | | | |
| 2024_PWDRB_384011_1 | रतलाम | प्रथम | 221.25 |
| | | **योग** | **2506.66** |

उपरोक्त निविदा हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 10.12.2024 सांय 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों (यदि कोई हो) का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। कोई भी अभिलेख भौतिक रूप से प्राप्त नहीं किये जावेंगे एवं ई.एम.डी. (RTGS, NEFT) के माध्यम से मात्र ऑनलाइन ही स्वीकार की जावेगी।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-19624/50303/2024** **लोक निर्माण विभाग, संभाग रतलाम**

**(पिछले पृष्ठ का शेष)**

कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

06. आयोग की बैठक दिनांक 19.09.2024 के निर्णय क्रमांक-20 के निर्णयानुसार आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा/ लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने वाले समस्त प्रकरणों में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होकर साक्षात्कार हेतु अर्ह घोषित किए गए केवल ऐसे आवेदक जिनके अभिलेख आयोग कार्यालय में विलम्ब से प्राप्त होते हैं एवं किसी कारणवश नहीं भेजे जाते हैं तो ऐसे आवेदकों से विलम्ब शुल्क के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख जमा करने हेतु निम्नानुसार राशि निर्धारित की गई है :-

आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि 11.12.2024 के पश्चात् कार्यालयीन दिवस/समय प्रात: 10:00 से सायं 06:00 बजे तक निम्नानुसार विलंब शुल्क की नगद राशि एम.पी.टी.सी. 6 के माध्यम से आयोग की लेखा शाखा में जमा कराने के पश्चात अभिलेख जमा किए जा सकेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् कार्यालयीन 05 दिवस तक राशि रुपये 3,000/- (तीन हजार मात्र)। | दिनांक 12.12.2024 से 18.12.2024 तक |
| 02. | निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् 10 कार्यालयीन दिवस तक (अर्थात् 06 से 10 दिवस तक) राशि रुपये 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र)। | दिनांक 19.12.2024 से 26.01.2025 तक |

उपरोक्तानुसार विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों के पश्चात् डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए आवेदकों के अभिलेख प्राप्त होने पर आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण टीप :-**

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) परीक्षा-2022 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें नियमानुसार मुख्य तथा प्रावधिक दोनों ही भागों में अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा-2022 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
4. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणामस्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
6. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रमाणिक मानी जाएगी।
7. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक TRANSFER PETITION (C) No. 1120 OF 2023 Dated 02/09/2024, एवं माननीय उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक- 5596/2024 2108/2022 एवं समान अन्य याचिकाओं व माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक - एस.एल.पी. 12398/2023 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। उपरोक्त परीक्षा से संबंधित प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
8. सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 में उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के अतिथि विद्वान (रिक्त पदों के विरुद्ध एवं जनभागीदारी) तथा मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों में संविदा आधार पर कार्यरत अतिथि विद्वानों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में प्रचतिल न्यायालय में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे।
9. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कोई तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
10. आयोग की बैठक दिनांक 30.10.2023 में लिए गए निर्णय क्रमांक-31 के अनुसार सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) परीक्षा - 2022 की अंतिम उत्तरकुंजी में विलोपित किए गए प्रश्नों के अंक परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को समान रूप से प्रदाय किए गए हैं अर्थात् प्रश्न पत्र के दोनों खण्ड "अ" एवं "ब" के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक की गणना हेतु निर्धारित पूर्णांक यथावत हैं।
11. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अभिलेख दिनांक 11.12.2024 तक निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :-

**प्रति,**

**सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,**

**रेसीडेंसी एरिया, इंदौर**

अभ्यर्थी अपने अभिलेख के लिफाफे पर **सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) परीक्षा- 2022** के साक्षात्कार हेतु अभिलेख अवश्य लिखें।

**जी-19386/50287/2024** **उप परीक्षा नियंत्रक**

# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सागर परिक्षेत्र, सागर

**फोन नं. : 07582-220840, ई-मेल आई.डी. : cepwdsagar@nic.in**

**एनआईटी नं.-06/2024-25/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण** **सागर, दिनांक : 20.11.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_ PWDRB_ 383127_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 6.50 कि.मी., अनु. लागत 677.82 लाख<br>1. बीकोरकलां पहले पार क्रेसर के बाजू से सिमरिया गंभिरिया मुख्य मार्ग (रिपटा सहित) का निर्माण कार्य लं. 3.00 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित, अनुमानित लागत 374.05 लाख<br>2. फोरलेन मार्ग से चनारी मार्ग लं. 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य, अनुमानित लागत 303.78 लाख | सागर | 67782000/- | 677820/- | 20000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2024_ PWDRB_ 383130_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 8.10 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु. लागत 749.92 लाख<br>1. सरखड़ी प्राथमिक स्कूल से सिलारपुर तिगड्डा (बरघाट तिगड्डा) से बरघाट मंदिर तक लं. 3.00 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनुमानित लागत 301.49 लाख<br>2. बलोप टपरा से वलोप धर्मपुर जनराहो मार्ग लं. 4.00 कि.मी. का निर्माण कार्य अनु. लागत 353.14 लाख<br>3. बरोदिया नैनागिर मार्ग से तोड़ा काछी नैनागिर मार्ग लं. 1.10 कि.मी. का निर्माण कार्य, अनु. लागत 95.29 लाख | सागर | 74992000/- | 749920/- | 20000/- | 10 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2024_ PWDRB_ 383131_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 7.00 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु. लागत 654.28 लाख<br>1. खुरई सिंगपुर मार्ग से बरोदिया बामन तलापार मार्ग लं. 3.50 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित अनु. लागत 358.16 लाख<br>2. गोदू विजयपुरा मुख्य मार्ग से झौलसी इनायतपुर मुख्य मार्ग लं. 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य अनु. लागत 162.67 लाख<br>3. मंगूस से परसोन (डबूसा रामछायरी) मार्ग लं. 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य, अनु. लागत 133.44 लाख | सागर | 65428000/- | 654280/- | 20000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 4 | 2024_ PWDRB_ 383132_1 | धर्मश्री से भोपाल बायपास मार्ग लं. 3.00 कि.मी. निर्माण कार्य, अनुमानित लागत 1268.81 लाख | सागर | 126881000/- | 1000000/- | 30000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 5 | 2024_ PWDRB_ 383134_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग देवरी के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 8.50 कि.मी., अनु. लागत 782.56 लाख<br>1. आधारपुर चंद्रपुरा दाऊ बब्बा मरामाधो मार्ग का निर्माण कार्य लं. 6.50 कि.मी. अनुमानित लागत 485.14 लाख<br>2. गौरझामर पुलिस थाना से अस्पताल मार्ग से महाकाली मंदिर तक मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य, अनुमानित लागत 297.42 लाख | सागर | 78256000/- | 782560/- | 20000/- | 10 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | **413339000** | | | | |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.11.2024 समय 17.30 से **दिनांक 04.12.2024 समय 17:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि., सागर परिक्षेत्र, सागर**

**आर-50288/2024**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)

**क्र./स्था.शा./2024/3875** **सिहोरा, दिनांक : 28.11.2024**

## संशोधित विज्ञापन

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका क्रमांक/7275/2019 में पारित आदेश दिनांक 30.01.2024 म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-19/2019/आ.प्र./1 दिनांक 14.02.2024 म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पत्र क्रमांक/676/16017123/2023/18-1 दिनांक 16.02.2023, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक/स्था/एक/201/प्र.शि./2024/3780 भोपाल दिनांक 26.02.2024 तथा मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, के पत्र क्रमांक एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक. भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए स्वच्छता संरक्षक के आरक्षित पद/पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी नीचे दर्शाये गये निर्धारित प्रारूप में **आवेदन पत्र भर कर दिनांक 17.12.2024 कार्यालयीन समय 5:30 सायंकाल तक** आवेदन-पत्र प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के माध्यम से विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र के लिए निकाय/कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। दिव्यांजनों हेतु आरक्षित रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है:- लिपिकीय त्रुटीवस

| स. क्र. | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता | वॉक इन इंटरव्यू |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटि जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी कुष्ठ रोग मुक्त बौनापन एसिडअटेक पीड़ित मस्कुलर डिस्ट्रॉफी | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटि और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता | | |
| 01. | सफाई संरक्षक (संविदा भर्ती) | चतुर्थ | मानदेय 8000/- | 00 | 01 | 01 | 01 | पांचवीं उत्तीर्ण (एक वर्ष का अनुभव सहित) | वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि की सूचना पृथक से प्रकाशित की जावेगी। |
| 02. | सफाई संरक्षक (सीधी भर्ती) | चतुर्थ | 4440-7440 ग्रेड पे 1300.00 | 01 | 00 | 00 | 01 | पांचवीं उत्तीर्ण | |

**मुख्य शर्तें** :- नियम एवं शर्तें तथा आवेदन का प्रारूप निकाय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है जिसका अवलोकन आवेदक कर सकते हैं।

**जी-0000/50300/2024** **मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सिहोरा**

# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सागर परिक्षेत्र, सागर

**फोन नं. : 07582-220840, ई-मेल आई.डी. : cepwdsagar@nic.in**

**एनआईटी नं.-07/2024-25/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण** **सागर, दिनांक : 21.11.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय(माह में वर्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_ PWDRB_ 383474_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रहली के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य लं. 4.50 कि.मी., अनु. लागत 648.87 लाख<br>1. रहली हरदौल से ढोंढा मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 3.40 कि.मी., अनुमानित लागत 360.00 लाख<br>2. घुनघुनिया जैन मंदिर से जगदीश मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.10 कि.मी. का निर्माण कार्य अनुमानित लागत 288.87 लाख | सागर | 64887000/- | 648870/- | 20000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2024_ PWDRB_ 383477_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रहली के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 7.60 कि.मी. अनु. लागत 746.52 लाख<br>1. खेजरा धनगुवा तिखि भैसा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 5.80 कि.मी. अनुमानित लागत 545.04 लाख<br>2. चांदपुर से घाटा देवी मंदिर मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.80 कि.मी. का निर्माण कार्य अनुमानित लागत 201.48 लाख | सागर | 74652000/- | 746520/- | 20000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2024_ PWDRB_ 383480_1 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रहली के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 9.22 कि.मी. अनु. लागत 916.28 लाख<br>1. धुरा चौका पटपरा रेलवे मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 4.00 कि.मी. अनुमानित लागत 388.32 लाख<br>2. धबोली से शाहपुर मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 3.50 कि.मी. अनुमानित लागत 366.40 लाख<br>3. भौरदाहार पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 1.72 कि.मी. अनुमानित लागत 161.64 लाख | सागर | 91628000/- | 916280/- | 20000/- | 10 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | | **231167000** | | | | |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 22.11.2024 समय 10.00 से **दिनांक 07.12.2024 समय 17:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि., सागर परिक्षेत्र, सागर**

**जी-19450/50291/2024**

## कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
## गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल

**क्रमांक : 40669/एम.सी./4/ राज/2024** **भोपाल, दिनांक : 22.11.2024**

### संशोधित विज्ञप्ति

कार्यालय अधिष्ठाता द्वारा जारी बाह्य विज्ञप्ति क्रमांक 39376/एमसी/4/ राज/2024 भोपाल, दिनांक 12.11.2024 में **सहायक प्राध्यापक जनरल मेडिसिन विभाग में 01 पद वृद्धि की जाती है। साथ ही वेतनमान को 68900-139900 के स्थान पर वेतन मेट्रिक्स लेवल 11-68900-205500 पढ़ा जावे।** पद का विवरण निम्नानुसार है -

**सहायक प्राध्यापक (सीधी भर्ती) वेतन मेट्रिक्स लेवल 11-68900-2,05,500**

| क्र. | विभाग | UR | OBC | ST | SC | EWS | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनरल मेडिसिन | 01 | - | - | - | - | अजा का 01 पद पूर्व विज्ञप्ति अनुसार यथावत रहेगा |
| | **कुल पद-02 (01 पद पूर्व विज्ञप्ति अनुसार)** | **01** | **00** | **00** | **00** | **00** | |

पदों की संख्या परिवर्तनीय भर्ती के किसी भी चरण पदों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

**नोट** :- सह प्राध्यापक मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के पदोन्नति/सीधी भर्ती में अनारक्षित श्रेणी के 01 पद को पूर्व जारी विज्ञप्ति क्रमांक 39376 दिनांक 12.11.2024 से तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

विज्ञप्ति की शेष नियम एवं शर्तें पूर्व जारी विज्ञप्ति क्रमांक 39376 दिनांक 12.11.2024 के अनुसार यथावत रहेंगी। अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट **www.gmcbhopal.net** का अवलोकन करें।

**अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल**

जी-19446/50290/2024

## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल

**ग्वालियर (म.प्र.) पिन- 474011, फोन नं. : 0751-2344420. (0), ई-मेल : seresgwalior@mp.gov.in**

**क्रमांक/1537/ग्रा.यां.से./ई-निविदा/2024** **ग्वालियर, दिनांक : 28.11.2024**

### संक्षिप्त ई-निविदा आमन्त्रण सूचना क्रमांक 08/SERESGwl/2024-25

निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष/समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. | टेण्डर आईडी क्र. | कार्य का नाम/स्थान | जिले का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_RES_384867_1 | मल्टीपरपज काम्पलेक्स निर्माण (बहुउद्देशीय केन्द्र) रायपुर सर्वे नं. 32 ज.पं. पोहरी पिन-473775 | शिवपुरी | 48.98 | 270 दिन |
| 2 | 2024_RES_384868_1 | मल्टीपरपज काम्पलेक्स निर्माण (बहुउद्देशीय केन्द्र) एसवाया सर्वे नं. 101 ज.पं. पोहरी पिन-473775 | शिवपुरी | 48.98 | 270 दिन |
| 3 | 2024_RES_384869_1 | मल्टीपरपज काम्पलेक्स निर्माण (बहुउद्देशीय केन्द्र) ढकरौरा सर्वे नं. 661 ज.पं. बदरवास पिन-473885 | शिवपुरी | 48.98 | 270 दिन |
| 4 | 2024_RES_384870_1 | मल्टीपरपज काम्पलेक्स निर्माण (बहुउद्देशीय केन्द्र) दिदावली सर्वे नं. 260 ज.पं. करैरा पिन-473660 | शिवपुरी | 48.98 | 270 दिन |

1. विस्तृत निविदा सूचना विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। 2. निविदा प्रपत्र दिनांक 10.12.2024 समय 09:00 AM से 24.12.2024 समय 06:00 PM तक केवल ऑनलाइन क्रय एवं सबमिट किये जा सकेंगे। 3. यदि निविदा में कोई संशोधन किया जाता है तो सिर्फ Web Portal **https://www.mptenders.gov.in** पर ही Publish किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**(आर.सी. जाटव)**
**अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मण्डल ग्वालियर**

**जी-19641/50309/2024**

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 16/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2024-25** **भोपाल, दिनांक : 25.11.2024**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_PWDRB_384174_1 | नीमच | पुल कार्य | नीमच जिले के रेलवे समपार क्रमांक-120 (रतलाम चन्देरिया के रेल सेक्शन के कि.मी. 241/15-16) नीमच-छोटी सादडी मार्ग पर इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग कार्य सहित रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य। | षष्ठः | 3453.15 | केवल ऑनलाइन |
| 2. | 2024_PWDRB_384182_1 | नर्मदापुरम् | पुल कार्य | नर्मदापुरम् जिले में राजमार्ग 67 कन्हवार पुनोर मार्ग में इटारसी जबलपुर रेलखण्ड के लेवल क्रासिंग क्रमांक-239 रेलवे कि.मी. 823/5-7 पर रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 2098.00 | केवल ऑनलाइन |
| 3. | 2024_PWDRB_384177_1 | सागर | पुल कार्य | सागर जिले में बडगान-पर्राका मार्ग के कि.मी. 2/2 में देहार नदी (सत्तीघाट) पर पहुंच मार्ग सहित उच्च स्तरीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित। | षष्ठः | 913.61 | केवल ऑनलाइन |
| | | | | **कुल योग** | | **6464.76** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 16.12.2024 (17:30) बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**जी-19552/50298/2024** **मुख्य अभियंता , लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल**

## कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र

**पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल**

### विज्ञप्ति

**आवेदन की अंतिम तिथि : 09 दिसम्बर, 2024**

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान किन्तु **आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 अथवा अन्य समकक्ष परीक्षाओं का 06 माह की अवधि का निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण** प्रदान किये जाने हेतु पात्र एवं योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन प्रवेश हेतु नियम, शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर उपलब्ध हैं।

**संचालक, राज्य स्तरीय रोज. एवं प्रशि.केंद्र,**
**(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.) भोपाल, दूरभाष - (0755) 2763284**

**जी-19470/50292/2024**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.) (GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./14206/22/D-12/NIT-Maint./2024** **Bhopal, Dated : 26.11.2024**

### NOTICE INVITING TENDER No. 318/MTN/2024

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable ;- SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Table-1: Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) | S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Ashoknagar | 2 | 34736746.00 | 13. | Katni | 1 | 22726534.00 |
| 2. | Balaghat | 3 | 61823947.00 | 14. | Khandwa | 2 | 10839535.00 |
| 3. | Barwani | 5 | 99923955.00 | 15. | Khargone | 1 | 13276286.00 |
| 4. | Betul | 1 | 18578775.00 | 16. | Mandla | 1 | 35631776.00 |
| 5. | Chhindwara | 2 | 16833906.00 | 17. | Mandsaur | 1 | 3304848.00 |
| 6. | Damoh | 1 | 6285577.00 | 18. | Narsinghpur | 5 | 31981812.00 |
| 7. | Dhar | 2 | 9967812.00 | 19. | Panna | 1 | 3357413.00 |
| 8. | Dindori | 3 | 27326899.00 | 20. | Rajgarh | 2 | 22253155.00 |
| 9. | Guna | 2 | 28076320.00 | 21. | Seoni | 1 | 5653832.00 |
| 10. | Gwalior | 1 | 8748952.00 | 22. | Shajapur | 1 | 5839003.00 |
| 11. | Harda | 1 | 8448181.00 | 23. | Shivpuri | 6 | 91980707.00 |
| 12. | Jabalpur | 2 | 6322995.00 | 24. | Ujjain | 1 | 13828961.00 |

- **Table-2 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 15 YEAR)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) | S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Alirajpur | 3 | 33459358.00 | 11. | Khandwa | 1 | 12927447.00 |
| 2. | Balaghat | 1 | 8839505.00 | 12. | Mandla | 5 | 206345219.00 |
| 3. | Barwani | 1 | 27324191.00 | 13. | Narmadapuram | 1 | 1001560.00 |
| 4. | Betul | 1 | 25717423.00 | 14. | Narsinghpur | 3 | 28311717.00 |
| 5. | Bhopal | 2 | 10081680.00 | 15. | Panna | 2 | 21097531.00 |
| 6. | Chhindwara | 4 | 16944507.00 | 16. | Raisen | 1 | 3913044.00 |
| 7. | Damoh | 3 | 20494464.00 | 17. | Ratlam | 1 | 12426290.00 |
| 8. | Dhar | 1 | 16040731.00 | 18. | Shivpuri | 2 | 58117881.00 |
| 9. | Dindori | 1 | 10135363.00 | 19. | Ujjain | 3 | 28685140.00 |
| 10. | Guna | 1 | 39676483.00 | 20. | Vidisha | 1 | 8365801.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **04.12.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/117526/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

**''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में**

R-50305/2024

## कार्यालय अधीक्षण यंत्री
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल, नर्मदापुरम्

**Office E-mail ID : seresnarmda@mp.gov.in, Office Phone No. : 07574-250166**

**क्र. 1956/निविदा/ग्रा.यां.से./2024** **नर्मदापुरम, दिनांक : 25.11.2024**

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 05/2024-25 (प्रथम आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर **ग्रा.यां. से. संभाग नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम** की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारों से 3 कवर पद्धति में **ग्रा.यां.से. में प्रचलित एस.ओ.आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर** के आधार पर अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम के कार्यालय में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमा. लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_RES_383447 | नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य ग्राम चांदौन ग्राम पंचायत जनपद पंचायत बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम | 11340795/- | 114000/- | 09 माह | 12500/- |
| 2 | 2024_RES_383448 | नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य (मय विद्युतीकरण) ग्राम शुक्करवाड़ा ग्राम पंचायत शुक्करवाड़ा जनपद पंचायत माखननगर जिला नर्मदापुरम | 11337520/- | 114000/- | 09 माह | 12500/- |
| 3 | 2024_RES_383449 | प्रयोगशाला एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय उच्चतर शाला ग्राम सांगाखेड़ा कलां जनपद पंचायत माखननगर जिला नर्मदापुरम | 10036733/- | 100400/- | 09 माह | 12500/- |
| | **योग** | | **32715048/-** | **शब्दों में तीन करोड़ सत्ताइस लाख पंद्रह हजार अड़तालीस रुपए मात्र।** | | |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :-

| क्र. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने के तिथि | 09.12.2024 | 17:30 |
| 2. | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 10.12.2024 | 17:30 |
| 3. | ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 10.12.2024 | 17:30 |
| 4. | ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 26.12.2024 | 13:30 |
| 5. | ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि | 27.12.2024 | 13:30 |

निविदा प्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाएंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**नर्मदापुरम् मण्डल, नर्मदापुरम**

जी-19482/50295/2024

स्वयंसेवी संगठन, महिलाएं या दिव्यांग भी प्रारम्भ कर सकते हैं

# प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोलने के लिए पात्रता और जरुरी बातें

देश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, नई-नई सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। कई तरह के रोगों के लिए दवाएं विकसित की जा रही हैं। दवाइयों की बढ़ती खपत के साथ ही कीमतें भी बढ़ रही हैं। यदि मांग के अनुरूप उत्पादन कम हो तो मूल्य वृद्धि का प्रभाव जनजीवन पर पड़ता ही है। लोगों को कम मूल्य पर अच्छी दवाइयां मिल सकें इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक है जनऔषधि केन्द्रों की स्थापना। इन जन औषधि केन्द्र के माध्यम से सरकार द्वारा जहां एक ओर बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, दूसरी ओर दवाइयों की पहुंच को सभी तक बढ़ाया जा रहा है ताकि कम मूल्य की दवाइयों से जनमानस स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सके।

दवाइयों की मांग सिर्फ अपने ही देश में नहीं, बल्कि विदेशों में भी बढ़ रही है। अपने ही देश से बड़ी मात्रा में कई प्रकार के रोगों-बीमारियों की दवाएं निर्यात होती हैं। दवा निर्यात में मध्यप्रदेश भी अग्रणी राज्य बना हुआ है। ऐसे में कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं, जहां दवाएं बाजार दरों से 50 से 90 प्रतिशत तक की कम कीमत पर लोगों को मिल सकें। इससे न केवल गरीबों को बल्कि मध्यम वर्ग को भी लाभ मिल सके। तो आइए जानते हैं कि हम कैसे जन औषधि केन्द्र प्रारम्भ कर सकते हैं और स्वयं संचालक बन सकते हैं।

## जन औषधि केंद्र कैसे खोलें?

भारत, विश्व में जेनेरिक दवाइयों के बड़े निर्यातकों में से एक है। ब्रांडेड दवाइयां, जेनेरिक दवाइयों की तुलना में काफी महंगी होती हैं, लेकिन चिकित्सीय असर दोनों दवाइयों का एक समान ही होता है। भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अन्तर्गत औषधि विभाग द्वारा इस खर्च को कम करने के लिए कई नियामक और राजकोषीय उपाय समय-समय पर किये जा रहे हैं।

भारत में मिलने वाली लगभग 87 प्रतिशत दवाइयां ब्रांडेड जेनेरिक हैं, यानी, ब्रांड के नाम के साथ बेची जाने वाली जेनेरिक दवाइयां। सभी नागरिकों के लिए दवाइयों पर होने वाले व्यय को कम करने के लिए जेनेरिक दवाइयों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर सरकार द्वारा बल दिया जा रहा है।

## जन औषधि केंद्र खोलने के लिए पात्रता

- जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदन करने वाले किसी भी संगठन, एनजीओ इत्यादि को डी.फार्मा/बी. फार्मा डिग्री धारकों को नियुक्त करना होगा और आवेदन जमा करते समय या अंतिम स्वीकृति के समय इसका प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
- व्यक्तिगत आवेदकों के पास डी.फार्मा/बी.फार्मा डिग्री होनी चाहिए अथवा किसी डी.फार्मा/बी.फार्मा डिग्री धारक को नियुक्त करना होगा तथा आवेदन जमा करते समय या अंतिम स्वीकृति के समय इसका प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
- मेडिकल कॉलेजों एवं सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए मेडिकल कॉलेज एवं सरकारी अस्पताल के प्रबंधन द्वारा चयनित किसी एजेंसी, प्रतिष्ठित एनजीओ/धर्मार्थ संगठन भी पात्र होंगे।
- प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी (पी.ए.सी.एस.) के अंतर्गत सहकारी-क्षेत्र भी अच्छी उपलब्धता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए योग्य हैं।

## दवाएं एवं अन्य उत्पाद

- प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत 2000 से अधिक प्रकार की उच्च गुणवत्ता की दवाएं और 300 से अधिक शल्य चिकित्सा उपकरण एवं विभिन्न प्रकार के न्यूट्रास्यूटिकल उत्पाद जैसे प्रोटीन पाउडर, माल्ट-बेस्ड फूड सप्लीमेंट्स, इत्यादि शामिल हैं।
- इसके अलावा कुछ आयुर्वेदिक उत्पाद जैसे कि च्यवनप्राश, त्रिफला एवं शिलाजीत इत्यादि को भी सम्मिलित किया गया है।
- इसके अतिरिक्त, फार्मा एंड मेडिकल ब्यूरो ऑफ इंडिया (पी.एम.बी. आई.) उत्पाद के विस्तार के लिए एफएसएसएआई के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी खाद्य उत्पादों और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना अन्तर्गत कुछ आयुर्वेदिक उत्पादों को शामिल करने पर काम कर रहा है। इसके साथ ही प्रयोगशाला अभिकर्मकों को छोड़कर आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एन. एल.ई.एम.) में शामिल सभी जेनेरिक दवाएं पीएमबीजेपी दवाओं में शामिल हैं।

## वित्तीय सहायता

जन औषधि केंद्र खोलने पर सरकार द्वारा संचालकों को विभिन्न प्रकार से वित्तीय सहायता दी जाती है जिसका विवरण निम्न है :-

1. जन औषधि केंद्र संचालकों को मासिक खरीद पर 20 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी जिसकी अधिकतम सीमा 20,000/- रुपये प्रति माह होगी। इसे दवाओं की न्यूनतम भंडारण अनिवार्यता से जोड़ा जाएगा।
2. महिला उद्यमी, दिव्यांग, एससी/एसटी, भूतपूर्व सैनिक, उत्तर-पूर्वी राज्यों, हिमालय पर्वतीय क्षेत्रों, द्वीप समूहों, एवं आकांक्षी जिलों में जन औषधि केंद्र संचालकों को 2.00 लाख रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाती है। यह वित्तीय सहायता आईटी और इन्फ्रा व्यय के लिए प्रतिपूर्ति के रूप में एक-मुश्त दी जाती है।

## जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवश्यकताएं

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने के लिए कम-से-कम 120 वर्ग फुट का स्थान चाहिए होगा, जो कि आवेदक की स्वयं की हो या किराये पर ली गयी हो। जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदनकर्ता स्थान की स्वयं व्यवस्था करेगा। फार्मा एंड मेडिकल ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) की इसमें कोई भूमिका नहीं होगी। फार्मासिस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र, आवेदक के द्वारा जमा कराया जायेगा। 02 जन औषधि केंद्रों के बीच की दूरी 1.5 किलोमीटर से घटाकर अब 1 किलोमीटर कर दी गई है।

यदि आवेदक महिला उद्यमी, दिव्यांग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक, आकांक्षी जिला, उत्तर-पूर्वी राज्य, हिमालय पर्वतीय क्षेत्र, द्वीप समूह में अधिसूचित किया गया है, तो उसे आवेदन करते समय वैध प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। एक बार आवेदक द्वारा श्रेणी का चयन कर लिए जाने के बाद आवेदक भविष्य में किसी भी कारण से इसमें परिवर्तन नहीं कर सकेगा।

आवेदन का शुल्क 5,000/- रुपये है जो कि वापस नहीं किया जायेगा। महिला उद्यमी, दिव्यांग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक, आकांक्षी जिला, उत्तर-पूर्वी राज्य, हिमालय पर्वतीय क्षेत्र, द्वीप समूह में अधिसूचित आवेदकों को आवेदन शुल्क में छूट प्राप्त है जिसके लिए आवेदकों को वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। देशभर में 31 मार्च 2027 तक 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है।

## आपूर्ति श्रृंखला

जन औषधि केन्द्रों पर बिकने वाली दवाइयों को डब्लू.एच.ओ-जी.एम.पी सर्टिफाइड दवा उत्पादक कंपनियों से ही खरीदा जाता है। देश के हर हिस्से में दवाइयां पहुंचाने के लिए एक सुदृढ़ व्यवस्था की गयी है जिसके लिए डब्ल्यू. एच.ओ. गाइडलाइन्स पर आधारित केंद्रीय गोदाम गुरुग्राम एवं क्षेत्रीय गोदाम गुवाहाटी, चेन्नई, सूरत एवं बेंगलुरु में हैं। जिनमें लगभग 2,15,000 वर्ग फीट भंडारण क्षेत्र है। इसके अलावा 36 डिस्ट्रीब्यूटर की भी नियुक्ति की गयी है जहां से देशभर के जन औषधि केंद्रों को दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। केंद्रीय गोदाम, क्षेत्रीय गोदाम, डिस्ट्रीब्यूटर एवं जन औषधि केंद्रों को एक सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है साथ ही साथ सभी केन्द्रों पर प्वाइंट ऑफ सेल सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन भी लगाया गया है जिससे दवाइयों की आपूर्ति ठीक तरह से हो सके एवं देश के किसी भी केंद्र पर दवाइयों की कमी न हो।

जन औषधि केंद्र खोलने के लिए, देश के विभिन्न जिलों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए एवं जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों को वेबसाइट http://janaushadhi.gov.in पर भी पढ़ा-समझा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) बी-500, टावर बी, 5वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 या राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन 1800 180 8080 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## दुकान स्थल का चयन एवं डिजाइन

आवेदक को दुकान की स्थापना के लिए पीएमबीआई द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं आवश्यकताओं का पालन करना होगा। जैसे पीएमबीजे केंद्र खोलने के लिए स्थल का स्थान या तो अस्पताल परिसर में होना चाहिए अथवा अस्पताल के निकट होना चाहिए। यदि स्थान अस्पताल नहीं है अथवा अस्पताल के निकट नहीं है, तो इसे ऐसे स्थान पर होना चाहिए, जहां अधिक लोग आते-जाते हों तथा लोगों के लिए आसानी से पहुंच योग्य हो तथा साइट की आवश्यकता भी अच्छी हो। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के लिए स्थल आवेदक के स्वामित्व में होना चाहिए अथवा आवेदक के नाम पर पट्टे पर लिया जाना चाहिए। पट्टे के मामले में, यह प्रभावी तिथि से कम-से-कम तीन पूर्ण वर्षों तक आवेदक के कब्जे में रहना चाहिए। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्रफल 120 वर्ग फीट होना चाहिए। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र परिसर का आंतरिक क्षेत्र, जिसका उपयोग दवाओं के भंडारण और बिक्री के लिए किया जा रहा है, ग्राहक और आगंतुकों के लिए बेहतर दृश्यता के आकार में होना चाहिए। यद्यपि वातानुकूलित परिसर की आवश्यकता अनिवार्य नहीं है, तथापि इसका प्रावधान अत्यधिक वांछनीय है, क्योंकि दवाओं को उनकी सर्वोत्तम प्रभावकारिता बनाए रखने के लिए 25 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान पर रखा या संग्रहीत किया जाना चाहिए। परिसर में वातानुकूलित सुविधा वाले आवेदकों को अन्य की तुलना में प्राथमिकता दी जाती है। यदि आवेदक को आगे की अवधि के लिए अनुमति दी जाती है, तो उस समय लागू और प्रचलित मानकों का अनुपालन करने के लिए उपलब्ध संरचना को संशोधित करने की आवश्यकता हो सकती है। आवेदक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का संचालन तब तक शुरू (या फिर से शुरू) नहीं करेगा, जब तक कि पीएमबीआई इसे योजनाबद्ध विनिर्देशों के अनुरूप होने के लिए अनुमोदित नहीं करता। यह समझौता आवेदक को पीएमबीआई से लिखित अनुमति के बिना प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र को स्थानांतरित करने का कोई अधिकार नहीं देता है। आवेदक लागू अवधि के दौरान हर समय निरंतर और ईमानदारी से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र को परिभाषित नियमों और शर्तों के पूर्ण अनुपालन में संचालित करेगा।

## महत्वपूर्ण परिचालन नियम और शर्तें

आवेदक ''प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र'' का संचालन शुरू करने से पहले अनुबंध करेगा। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के सभी संचालन समझौते के नियमों और शर्तों के अनुसार किए जाएंगे। आवेदक की जिम्मेदारी होगी कि वह ''प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र'' के नाम से दवा लाइसेंस प्राप्त करें और दवा की दुकान चलाने के लिए अन्य अनुमति प्राप्त करें। आवेदक द्वारा दवाओं के भंडारण के लिए सभी वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। आवेदक परिसर का उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए करेगा जिसके लिए उसे आवंटित किया गया है और किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं करेगा और परिसर को किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किराए पर नहीं देगा। सभी बिलिंग पीएमबीआई द्वारा प्रदान किए गए सॉफ्टवेयर का उपयोग करके ही की जानी चाहिए। पीएमबीजेके में पीएमबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए सॉफ्टवेयर का उपयोग किए बिना कोई दवा नहीं बेची जा सकती। पीएमबीजेके संचालकों को संबद्ध चिकित्सा उत्पाद बेचने की अनुमति होगी, जो आमतौर पर केमिस्ट की दुकानों में बेचे जाते हैं, लेकिन उन्हें पीएमबीआई के उत्पादों के अलावा कोई अन्य दवा बेचने की अनुमति नहीं है। माल भेजने के लिए अग्रिम भुगतान के खिलाफ आपूर्ति की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तें मसौदा समझौते में दी गई हैं और आवेदक द्वारा संदर्भित की जा सकती हैं।

पीएमबीजेपी केंद्र कर्मचारी नामित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के अलावा प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र में योग्य, सक्षम कर्मचारी होंगे जो कम्प्यूटरीकृत संचालन में काम करने में पारंगत होंगे और दिन-प्रतिदिन के संचालन में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र प्रबंधक की सहायता करेंगे और जो केवल आवेदक द्वारा नियोजित होंगे न कि पीएमबीआई द्वारा। आवेदक दुकान के कर्मचारियों को काम पर रखने और उन्हें निकालने तथा उनके वेतन और रोज़गार की शर्तों को निर्धारित करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। आवेदक संबंधित कानूनों के तहत समय-समय पर लागू सभी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करेगा। रोज़गार से संबंधित सभी दस्तावेज, जिनमें बिना किसी सीमा के, रोज़गार आवेदन, कार्यक्रम, नौकरी का विवरण शामिल है।

## दुकान का निरीक्षण

जन औषधि केंद्र मानकों के अनुपालन की सुरक्षा और निर्धारण के लिए, पीएमबीआई प्रतिनिधियों को दुकान में प्रवेश करने, रहने और निरीक्षण करने का पूर्ण अधिकार होगा, जब भी पीएमबीआई इसे उचित समझे। पीएमबीआई के प्रतिनिधि आवेदक को पूर्व सूचना दिए बिना आवेदक के कर्मचारियों और ग्राहकों का साक्षात्कार ले सकते हैं, फोटो, वीडियो और इसी तरह की रिकॉर्डिंग ले सकते हैं, जांच कर सकते हैं, मूल्यांकन कर सकते हैं और संग्रहित या बेची गई दवाओं का प्रतिनिधि नमूना ले सकते हैं। पीएमबीआई को विज्ञापन, विपणन और अन्य प्रचार सामग्री सहित किसी भी कारण से सभी साक्षात्कार, फोटो, वीडियो और अन्य रिकॉर्डिंग का उपयोग करने का अधिकार होगा। आवेदक पीएमबीआई, इसकी विज्ञापन एजेंसियों द्वारा साक्षात्कार, फोटो, वीडियो और अन्य रिकॉर्डिंग के उपयोग के लिए मुआवजे के हकदार नहीं होंगे। भारत सरकार का अभियान होने के नाते, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र आवेदक को किसी भी पूर्व सूचना के बिना सरकारी अधिकारियों, माननीय सांसदों द्वारा दौरा और निरीक्षण भी किया जा सकता है।

- सीमा श्रीवास्तव
(लेखक महाविद्यालय में परामर्शदाता हैं)

# रोबोटिक्स में लगातार बढ़ रहे हैं कॅरियर के मौके

**'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।**



यकीनन इस समय रोबोटिक्स सेक्टर में कॅरियर के मौके लगातार बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले तक कहानियों और फिल्मों में विभिन्न प्रकार के यंत्रीकृत मानव यानी रोबोट के जो दृश्य उभरकर सामने आते थे, वे अब साकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। वस्तुतः रोबोट एक प्रकार की स्मार्ट मशीन है, जो मैकेनिकल, सॉफ्टवेयर, इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के साथ-साथ मनोविज्ञान और न्यूरो साइंस के मिश्रण से मिलकर बनी होती है। रोबोट के रूप में मनुष्य के द्वारा निर्मित स्मार्ट मशीनें एक से अधिक कार्यों को तेज गति और सटीक तरह से स्वचालित रूप से कर सकती हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि रोबोट बनाने और रोबोटिक्स के कोर्स देश के साथ मध्यप्रदेश के कई इंजीनियरिंग संस्थानों में भी संचालित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि रोबोटिक्स इंजीनियरिंग और विज्ञान की एक शाखा है, जिसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और अन्य शामिल हैं। रोबोट ऐसी मशीनें हैं जिनका उपयोग किसी निर्धारित कार्य को करने के लिए किया जा सकता है। रोबोटिक्स इंजीनियर रोबोट की अवधारणा, डिजाइन, निर्माण और संचालन से संबंधित होते हैं। रोबोटिक्स कम्प्यूटर विज्ञान की वह शाखा है, जिसमें यह सीखा जाता है कि कम्प्यूटर में आदमी जैसी बुद्धि कैसे आए। रोबोटिक्स में कृत्रिम बुद्धि का उद्देश्य ऐसे कम्प्यूटर प्रोग्राम बनाना होता है, जो समस्याओं को हल कर सकें। नई-नई आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक से लैस होने के बाद अब रोबोट्स और ज्यादा स्मार्ट हो गए हैं, जो खुद ही बहुत सी चीजें सीखकर अपने आप करने में सक्षम होते जा रहे हैं। दरअसल, रोबोट अपने कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के कारण इंसानों जैसे कार्य करने में सक्षम होते हैं।

### रोबोटिक्स इंजीनियर बनाते हैं रोबोट

गौरतलब है कि रोबोटिक्स सेक्टर के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की विशेष भूमिका होती है। एआई तकनीक आने से रोबोट, ह्यूमनाइड रोबोट्स, चैट बॉट और स्मार्ट मशीनों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। रोबोट्स इंसानों की तरह चल सकते हैं। बोल सकते हैं और वे सारे काम कर सकते हैं, जिन्हें करने के लिए मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है। रोबोट घंटों का काम मिनटों में कर देते हैं, वह भी पूरी शुद्धता के साथ। रोबोट आधारित ऑटोमेटिक मशीनों से गलती होने की संभावनाएं कम होती है। रोबोट ऐसे वातावरण में भी काम कर सकते हैं, जो इंसानों के लिए असुरक्षित माने जाते हैं।

### तेजी से बढ़ रहा है रोबोट का बाजार

दुनिया की अर्थव्यवस्था में रोबोट की अहमियत कितनी बढ़ गई है, इसका अंदाजा अमेरिका के बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप सहित विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों से लगाया जा सकता है। इन रिपोर्टों के अनुसार रोबोट का वैश्विक बाजार छलांगें लगाकर बढ़ता जा रहा है। बीसीसी रिसर्च के अनुसार, 2023 में रोबोटिक्स का वैश्विक बाजार 67.9 अरब डॉलर का था। रिपोर्ट के अनुसार 2024 से 2029 तक 16.1 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर पर, बाजार 2024 के 78.4 अरब डॉलर से बढ़कर 2029 के अंत तक 165.2 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। विश्व प्रसिद्ध बिजनेस वायर की रिपोर्ट

के मुताबिक भारत में औद्योगिक रोबोट की बिक्री वर्ष 2023 में स्थापित 8,510 इकाइयों के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। यह पिछले (वर्ष 2022 में 5,353 इकाइयां) की तुलना में 59 फीसदी की वृद्धि है। रोबोटों की वार्षिक स्थापनाओं के मामले में, भारत अब दुनिया भर में सातवें स्थान पर है। ये निष्कर्ष इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रोबोटिक्स द्वारा प्रस्तुत वर्ल्ड रोबोटिक्स 2024 रिपोर्ट के हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रोबोटिक्स के अनुसार रोबोटिक्स के मामले में भारत एशिया के उभरते बाजारों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। चूंकि लोगों की स्वचालित और नेटवर्क वाले घरों के प्रति प्राथमिकताएं बढ़ रही हैं, इसलिए हाल के वर्षों में स्मार्ट होम प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता में भी वृद्धि हुई है।

### रोबोटिक्स में कॅरियर की जरूरी स्किल्स

रोबोटिक्स सेक्टर के तहत कॅरियर की जरूरी स्किल्स में तकनीकी कौशल के साथ कम्प्यूटर, आईटी, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल,

इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर के साथ-साथ कोडिंग स्किल्स में पूर्ण रुचि और दक्षता जरूरी है। इस सेक्टर में कॅरियर बनाने के लिए गणित, विज्ञान और अंग्रेजी में दक्षता जरूरी है। कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग में विशेष रुचि लगातार लम्बे समय तक घंटों सिटिंग, अच्छा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, तर्कशील सोच, सकारात्मक रुख, निरंतर पढ़ने की ललक जैसी स्किल्स जरूरी हैं। स्टूडेंट रोबोटिक्स डेवलपमेंट से संबंधित उपयुक्त कोर्स करके भी रोबोटिक्स कौशल सीख और निखार सकते हैं। जरूरी है कि उन्हें कोडिंग पसंद हो और जो कोडिंग कर सकते हों। इतना ही नहीं रोबोटिक्स सेक्टर में जाने के लिए किसी डिग्री की अनिवार्यता नहीं है। रोबोटिक्स से संबंधित किसी जरूरी स्किल्स और प्रशिक्षण के साथ इस सेक्टर में कॅरियर के लिए जाया जा सकता है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि रोबोटिक्स सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सबसे महत्वपूर्ण है और इस समय भारत के विभिन्न उद्योग-कारोबार में एआई को तेजी से अपनाया जा रहा है, वहीं दुनिया के कोने-कोने में उद्योग-कारोबार सहित जीवन के हर क्षेत्र में एआई की प्रभावी भूमिका बढ़ती जा रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि एआई और जेनरेटिव एआई के आने से टेक्नोलॉजी की दुनिया तेजी से बदल रही है तथा इसे अपनाने के लिए लगातार विभिन्न कंपनियां तेजी से आगे आ रही हैं। इससे उनके खर्चों में भारी कमी आएगी, वहीं काम ज्यादा आसान हो जाएगा। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में कुशलता प्राप्त करके रोबोटिक्स में कॅरियर की ऊंची संभावनाएं बनाई जा सकती हैं।

### रोबोट बनाने के लिए इंजीनियरिंग डिग्री की अहमियत

निश्चित रूप से रोबोटिक्स में कॅरियर के लिए तकनीकी कौशल जरूरी है। रोबोटिक्स के अध्ययन के लिए इंजीनियरिंग डिग्री

लाभप्रद है। इस क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल तथा कम्प्यूटर साइंस जैसे सहयोगी क्षेत्रों का ज्ञान शामिल होता है। इसलिए इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने वालों को इन क्षेत्रों से संबंधित तकनीकों से भी अवगत होना चाहिए। यदि आप रोबोटिक्स में डिजायनिंग तथा कंट्रोल में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करनी होगी। कंट्रोल तथा हार्डवेयर में डिजाइनिंग के लिए इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री लाभदायक होती है। रोबोटिक्स में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्र गणित में बहुत अच्छे होने चाहिए। रोबोटिक्स के क्षेत्र में कॅरियर बनाने हेतु 12वीं कक्षा में भौतिक एवं गणित विषय होना नितांत आवश्यक है। इसके साथ ही साथ उच्चतम प्रतियोगी तथा तकनीकी क्षेत्र में आविष्कार तथा कुछ नया करने के लिए सृजनात्मक योग्यता भी बेहद जरूरी है। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाने वालों को सबसे पहले यह करना होगा कि वह कम्प्यूटर, आईटी, मैकेनिकल, मैकेट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स अथवा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक की डिग्री प्राप्त करें। यदि आप उच्च अध्ययन करते हैं तो इस क्षेत्र में आपके प्रवेश की संभावना और अवसर दोनों ही बढ़ जाएंगे।

### रोबोटिक्स सेक्टर में तेजी से बढ़ रही है विशेषज्ञ प्रोफेशनल्स की मांग

देश में रोबोटिक्स सेक्टर में विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है। जहां फ्रेशर रोबोटिक्स प्रोफेशनल्स को अच्छा शुरुआती पैकेज मिलता है, वहीं अनुभवी रोबोटिक्स प्रोफेशनल्स के लिए आकर्षक सालाना पैकेज है। चूंकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी डिजिटल इकोनॉमी है, अतएव रोबोटिक्स एक्सपर्ट के लिए विभिन्न कंपनियों ने नए डिजिटल अवसर पैदा किए हैं। देश और दुनिया की ज्यादातर कारोबारी गतिविधियां अब ऑनलाइन हो गई हैं। चूँकि आने वाले वर्षों में रोबोटिक्स का उपयोग तेजी से बढ़ने वाला है। ऐसे में रोबोटिक्स बनाने वाले एआई डेवलपर्स की मांग भी बढ़ेगी।

### रोबोटिक्स में विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के विविध मौके

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग में कोर्स करने वाले छात्रों के लिए कॅरियर के मौके देश और दुनिया में सभी जगह बढ़ते जा रहे हैं। जैसे-जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रोबोट का उपयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कॅरियर के मौके बढ़ते जा रहे हैं। उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए रोबोट्स का इस्तेमाल आम हो गया है। यहां तक कि ऑपरेशन थिएटर और रिहेबिलिटेशन सेंटरों में भी जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए इनका उपयोग होता है। रोबोटिक्स इंजीनियर स्पेस रिसर्च से जुड़ी संस्थाओं जैसे कि इसरो, नासा आदि में काम करते हैं, जहां रोबोटिक टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाता है। चाहे ऑटोमोबाइल का सेक्टर हो, मैन्युफेक्चरिंग या केमिकल से जुड़े उद्योग या फिर हॉस्पिटल, होटल, रेस्टोरेंट और घर-ऑफिस से जुड़े कामकाज हों, स्मार्ट मशीनों के रूप में ये रोबोट हर काम करने में सक्षम होते जा रहे हैं। रोबोटिक्स इंजीनियर प्राइवेट कंपनियों में रोबोटिक सिस्टम डिजाइन करते हैं और उनकी टेस्टिंग करते हैं, कंपनियों के लिए उपयोगी सॉफ्टवेयर और स्वचालित उपकरण बनाते हैं। खासतौर पर खतरनाक बम खोजने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए रोबोट्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाता है। बैंकिंग और स्टॉक्स से जुड़े कामों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में भी रोबोट्स का इस्तेमाल किया जाता है।

### रोबोटिक्स के तहत बढ़ते बहुआयामी कॅरियर

विश्व में इन दिनों तमाम ऐसे बड़े-बड़े अस्पताल हैं, जहां ऑपरेशन के लिए भी रोबोट का इस्तेमाल होने लगा है। देश में

रोबोट जहां न्यूज रीडर का काम कर रहे है, वहीं वे वकालत भी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। नए औद्योगिक दौर के साथ-साथ बढ़ती श्रम लागत को कम करने के लिए रोबोट को एक उपयोगी विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि आने वाले दिनों में हैदराबाद में देश की पहली रोबोट ड्रग लैब भी शुरू होने जा रही है। इससे चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा ऐसा देश हो जाएगा, जहां दवाओं की खोज और उत्पादन में भी रोबोट का इस्तेमाल होगा है। इस समय ऑटोमोटिव इंडस्ट्री, परमाणु ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, निर्माण, धातु और कपड़ा आदि सेन्टर में रोबोटिक टेक्नोलॉजी का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल होने से रोबोटिक्स इंजीनियरिंग में कॅरियर के मौके बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### रोबोटिक्स में कॅरियर की राह पर आगे बढ़िए

देश में रोबोटिक्स के कोर्स लगभग सभी प्रदेशों की अनेक संस्थानों में संचालित किए जा रहे हैं। इन कोर्स को संचालित करने वाले संस्थानों में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), मुंबई, दिल्ली, कानपुर, मद्रास, खड़गपुर, गुवाहाटी, रुड़की, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु, सेन्टर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कम्प्यूटिंग, मुंबई/पुणे, बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स), पिलानी, सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड रोबोटिक्स, बेंगलुरु आदि प्रमुख हैं। जो स्टूडेंट्स रोबोटिक्स में कॅरियर बनाना चाहते हैं, वे अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप देश या मध्यप्रदेश के किसी उपयुक्त संस्थान का चयन करके रोबोटिक्स सेक्टर में उपयुक्त कॅरियर की डगर पर आगे बढ़ सकते हैं।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

# पीड़ित जन के लिए आरोग्य भारती का सेवा भाव अनुकरणीय

**भोपाल,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी कार्यक्रम को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि पीड़ित जन के लिए आरोग्य भारती का सेवा भाव अनुकरणीय है। फिजियोथेरेपी से जुड़े विद्यार्थी और सेवार्थी आरोग्य भारती के सेवा भावी कार्यों से प्रेरणा लें। गरीब, वंचित और पीड़ितों की सेवा के लिए हमेशा सक्रिय सहभागिता करें। राज्यपाल श्री पटेल ने फिजियोथेरेपी से जुड़े विशेषज्ञ और चिकित्सकों से कहा कि सिकल सेल एनीमिया के उपचार और शोध में फिजियोथेरेपी के उपयोग और संभावना पर मंथन करें। उन्होंने कहा कि शरीर और मन की तंदुरुस्ती के लिए युवा स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं।

राज्यपाल ने कहा कि हम सभी खराब खान-पान और अनियमित जीवनशैली से स्वास्थ्य में गिरावट, परेशानी और कष्ट का अनुभव करते हैं। ऐसे समय में फिजियोथेरेपी के माध्यम से बिना किसी दवा, मरहम और सर्जरी के संपूर्ण स्वास्थ्य को समग्र रूप से ठीक किया जाना सम्भव है। उन्होंने कहा कि फिजिकल थेरेपी, व्यक्ति की जीवन चर्या, खान-पान और शरीर की प्रभावी देखभाल से चमत्कारी परिणाम दे सकती है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सबके लिए स्वास्थ्य' के लक्ष्य को प्राप्त करने में फिजियोथेरेपी का प्रसार महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

## मानसिक योग्यता परीक्षण

**1. एक खेल प्रतियोगिता में पांच विजेताओं को 500 के मूल्य के नकद पुरस्कार देने का निश्चय किया गया। यह निश्चित किया गया कि प्रत्येक पुरस्कार की राशि उसके पहले वाले पुरस्कार से 10/- कम होगी। पुरस्कार की न्यूनतम राशि होगी।**

(अ) 80 (ब) 75
(स) 70 (द) 90

**उत्तर (अ) 80**

**हल -** मानाकि पहला पुरस्कार $x$ राशि का है तो दूसरा पुरस्कार होगा $x$-10, तीसरा $x$-20, चौथा $x$-30 और पांचवा $x$-40 का।
प्रश्न के अनुसार है $x + x - 10 + x - 20 + x - 30 + x - 40 = 500$ है।
अतः $5x - 100 = 500$
$5x = 500 + 100$
$5x = 600 = x = \frac{600}{5} = 120$
पहला पुरस्कार 120/- का होगा और अंतिम पुरस्कार होगा $x$-40 = 120-40 = 80/- का।

**2. अगली संख्या बताइये 1, 2 , 8 , ? -**

(अ) 128 (ब) 131
(स) 150 (द) 152

**उत्तर (अ) 128**

**हल -** $1 \times 1 = 1, 1 \times 2 = 2, 2 \times 4 = 8, 8 \times 16 = 128$

**3. सुनील और दीपक एक बिंदु से विपरीत दिशा में चलना प्रारम्भ करते हैं। प्रत्येक 2 किमी. की दूरी पर, सुनील हमेशा बाईं ओर मुड़ता है तथा दीपक हमेशा दाईं ओर मुड़ता है। निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है।**

(अ) वे, दोनों 6 किमी. की दूरी तय करने के बाद मिलते हैं।
(ब) वे, एक दूसरे से कभी नहीं मिलते हैं
(स) वे, पहली बार, प्रत्येक के द्वारा 8 किमी. की दूरी तय करने के बाद मिलते हैं।
(द) उपरोक्त सभी कथन असत्य हैं।

**उत्तर (अ) वे, दोनों 6 किमी. की दूरी तय करने के बाद मिलते हैं।**

**हल -**




**4. किसी शब्द विन्यास में निम्न अनुक्रम पर विचार कीजिये -**
**ccbab__caa__bccc__a__**
**रिक्त स्थानों पर कौनसे अक्षर आयेंगे -**

(अ) baab (ब) babb
(स) bbba (द) babc

**उत्तर-(ब) babb**

**हल -** ccba/bbca/aabc/ccba/b

**5. अंकित, भोला से दोगुना अच्छा कारीगर है। वे दोनों मिलकर किसी कार्य को 28 दिनों में पूरा कर सकते हैं। अंकित अकेले उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा -**

(अ) 32 (ब) 42
(स) 46 (द) 48

**उत्तर (ब) 42**

**हल -** अंकित का कार्य/भोला का कार्य = 2/1
अंकित और भोला कार्य को 28 दिनों में पूरा करते हैं। अत: दोनों के एक दिन का कार्य होगा 1/28, अगर अंकित और भोला के बीच 1/28 कार्य बांटे तो भोला का कार्य 1/28 × 1/3 होगा।
अतः अंकित का एक दिन का कार्य होगा (1/28 × 2/3) = 1/42
इस तरह अंकित अकेले एक कार्य को 42 दिन में पूरा करेगा।

**6. रंजन दीपिका का पिता है, जो श्याम की बहिन है। संगीता श्याम की माँ है। सुनीता संगीता की सास है। रंजना सुनीता की पुत्री है। रंजना का रंजन से क्या रिश्ता है -**

(अ) बहन (ब) भतीजा
(स) चाची (द) माँ

**उत्तर (अ) बहन**

**हल -** रंजन की माँ सुनीता है जो रंजना की माँ हैं। अतः दोनों भाई बहन हैं।

**7. किसी परिवार में A कहता है कि, B मेरी पुत्री है। B कहती है कि C मेरे पिता है। C कहता है कि, D मेरी माँ है तो D, B से किस प्रकार संबंधित है -**

(अ) साली (ब) पत्नी
(स) दादी (द) दादा

**उत्तर (स) दादी**

**हल -**




अतः A और C पति-पत्नी हुये तथा D, B की दादी हुई।

**8. पांच संख्या 10, 7, 5, 4 तथा 2 को नीचे दिये हुये निर्देशों के अनुरूप बाएं से दाएं एक क्रम में व्यवस्थित करना है -**

**1. कोई भी दो सम या विषम संख्यायें एक दूसरे के बगल में नहीं होंगी।**
**2. बाईं ओर से दूसरी संख्या, सबसे बाईं ओर की संख्या से आधी है।**
**3. बीच वाली संख्या सबसे दाईं ओर की संख्या से दुगुनी है। दाईं ओर से तीसरी संख्या निम्न में से कौनसी है।**

(अ) 10 (ब) 4
(स) 7 (द) 5

**उत्तर (ब) 4**

**हल -** व्यवस्थित क्रम होगा - 10, 5, 4, 7, 2

**9. किसी व्यक्ति ने 25000/- 10% चक्रबृद्धि ब्याज दर उधार लिये। पहले वर्ष के अंत पर उसने 10000/- एवं दसरे वर्ष के अंत पर 10000/- चुकाये। पूरा ऋण चुकाने के लिये उसे तीसरे वर्ष कितने रुपये का भुगतान करना होगा -**

(अ) 10000 (ब) 15000
(स) 10175 (द) 9000

**उत्तर (स) 10175**

**हल -** पहले वर्ष के अंत में ब्याज $\frac{P \times R \times T}{100}$
$\frac{25000 \times 10 \times 1}{100} = 2500$
मिश्रधन = मूलधन + ब्याज
25000 + 2500 = 27500
पहले वर्ष उसने 10000/- चुकाये तो नया मूलधन होगा
27500 - 10000 = 17500
दूसरे वर्ष के अंत में ब्याज = $\frac{17500 \times 10 \times 1}{100}$
= 1750/-
मिश्रधन = 17500 + 1750 = 19250
तीसरे वर्ष का मूलधन होगा
19250- 10000 = 9250
तीसरे वर्ष के अंत में ब्याज = $\frac{9250 \times 10 \times 1}{100}$
= 925
तीसरे वर्ष का मिश्रधन = 9250 + 925
= 10175/-
जो कि व्यक्ति को चुकाना है।

**10. यदि 789 = 6, 578 = 4 हो तो 979 = होगा -**

(अ) 7 (ब) 6
(स) 8 (द) 9

**उत्तर (अ) 7**

**हल -** $789 \Rightarrow 7 + 8 - 9 = 6$
$578 \Rightarrow 5 + 7 - 8 = 4$
$979 \Rightarrow 9 + 7 - 9 = 7$

**11. एक छात्र को पांच विषयों में कुल 50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये। उसके द्वारा प्राप्त अंकों का अनुपात 10 : 9 : 8 : 7 : 6 है। यदि उत्तीर्णांक, अधिकतम अंक का 40 प्रतिशत है तथा सभी विषयों के अधिकतम अंक समान हैं तो उसने कितने विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण की -**

(अ) 4 (ब) 5
(स) 2 (द) 3

**उत्तर (अ) 4**

**हल -** मानाकि प्रत्येक विषय का अधिकतम अंक 100 है।
उत्तीर्णांक है 40% अर्थात प्रत्येक में 40 नंबर विद्यार्थी के द्वारा प्राप्त किये गये कुल अंक 50% है। अर्थात = 500 का 50% याने 250 अंक।
विद्यार्थी को पहले विषय में प्राप्त अंक
$250 \times \frac{10}{40} = 62.50$
दूसरे विषय में प्राप्त अंक $250 \times \frac{9}{40} = 56.25$
तीसरे विषय में प्राप्त अंक $250 \times \frac{8}{40} = 50$
चौथे विषय में प्राप्त अंक $250 \times \frac{7}{40} = 43.75$
पांचवे विषय में प्राप्त अंक $250 \times \frac{6}{40} = 37.50$
अतः विद्यार्थी ने चार विषयों में सफलता प्राप्त की है।

**12. हरित क्रांति के बारे में कथनों पर विचार कीजिये इसमें से सही कथन कौन-कौन से हैं -**

(अ) हरित क्रांति में चावल और गेहूँ जैसे अनाज पर ही मुख्य रूप से जोर दिया गया था।
(ब) मिट्टी की उर्वरता में वर्ष दर वर्ष कमी हुई
(स) सभी असत्य हैं
(द) उपरोक्त सभी कथन सही हैं।

**उत्तर (द) उपरोक्त सभी कथन सही हैं।**

**13. हरीश 1,00,000/- रुपयों को दो भागों में विभाजित करता है और दो विभिन्न स्कीमों में निवेश करता है। पहले भाग पर 10% तथा दूसरे भाग पर 12% का लाभ मिलता है। यदि लाभ के प्रतिशत की अदला बदली कर दी जाये तो वह पहले से 120/- कम प्राप्त करता है। दोनों स्कीमों में निवेश का अनुपात होगा -**

(अ) 47 : 53
(ब) 37 : 63
(स) 50 : 50
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर (अ) 47 : 53**

**14. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिये -**
**8, 14, ?, 42, 76**

(अ) 42 (ब) 24
(स) 8 (द) 76

**उत्तर (ब) 24**

**हल -** $8 \times 2 - 2 = 14, 14 \times 2 - 4 = 24$
$24 \times 2 - 6 = 42, 42 \times 2 - 8 = 76$

**15. P, Q का भाई है। R, P का भ्राता है। S, R का पिता है और T, P का पुत्र है। P, T के बच्चे से किस प्रकार संबंधित है -**

(अ) पिता (ब) दादा
(स) भाई (द) चाचा

**उत्तर (ब) दादा**

**हल -** S पिता R का
|
R माता P का
|
P - Q भाई
|
T पुत्र P का अत: T का पुत्र P का पोता होगा यानी P, T के बेटे का दादा होगा।

**16. किसी कार्य के समापन में देरी के लिये अर्थदंड का प्रावधान है। अर्थदंड पहले दिन के लिये 50/-, दूसरे दिन के लिये 60/-, तीसरे दिन के लिये 70/- है। अर्थात हर अगले दिन के लिये अर्थदंड पूर्व दिन के दंड से 10/- अधिक है। यदि किसी व्यक्ति को कार्य समाप्ति में 10 दिन अधिक लगते हैं तो उसे कितना अर्थदंड देना होगा -**

(अ) 950 (ब) 900
(स) 1000 (द) 1050

**उत्तर (अ) 950**

**हल -** 10 दिन के लिये दिये जाने वाला दंड
50 + 60 + 70 + 80 + 90 + 100 + 110 + 120 + 130 + 140 = 950/-

**17. अंग्रेजी वर्णमाला में ऐसे कितने शब्द हैं, जो दर्पण में देखने पर एक समान दिखाई देते हैं -**

(अ) 11 (ब) 10
(स) 12 (द) 9

**उत्तर (अ) 11**

**हल -** A, H, I, M, O, T, U, V, W, X, Y

**18. एक पिता और पुत्री एक साथ चलने से पहले अपने बाएं पैर के साथ बाहर निकलते हैं। जब पिता 3 पग चलता है तो बेटी 2 पग चलती है। तो बतायें कि कब वे दोनों अपने दाहिने पैरों को एक साथ रखेंगे -**

(अ) पाँच पग के बाद
(ब) बेटी के पांच पग चलने के बाद
(स) कभी नहीं
(द) ज्ञात नहीं किया जा सकता है

**उत्तर (स) कभी नहीं**

**हल -** बाएं पैर से शुरुआत करने पर पिता 3 पग चलता है तो बेटी दो पग चलती है अर्थात पिता का तीसरा पग बाएं पैर पर पड़ता है। बेटी का दूसरा पग दाएं पैर पर। यही क्रम चलता रहेगा। अतः दोनों कभी एक साथ नहीं होंगे।

**19. किसी घड़ी में 4 बजे से 6 बजे तक समय बदलने पर घंटे की सुई कितने डिग्री घूम जायेगी -**

(अ) $60^o$ (ब) $30^o$
(स) $90^o$ (द) $180^o$

**उत्तर (अ) $60^o$**

**हल -** घंटे की सुई 1 घंटे में $30^o$ का कोण बनाती है। अत: दो घंटे में $60^o$ का कोण बनेगा।

**20. स्नेहा का जन्मदिन 15 अगस्त को और पिंकी का जन्मदिन 25 जून को आता है। यदि स्नेहा का जन्मदिन शुक्रवार को है तो पिंकी का जन्मदिन उसी वर्ष किस दिन आयेगा -**

(अ) सोमवार (ब) बुधवार
(स) गुरुवार (द) शुक्रवार

**उत्तर (ब) बुधवार**

**हल -** स्नेहा का जन्मदिन 15 अगस्त
पिंकी का जन्मदिन 25 जून
25 जून से 15 अगस्त के बीच दिनों की संख्या जून (5) + जुलाई (31) + अगस्त 15 = 51 दिन
51 दिनों में से दो विषम दिन = 2
अतः पिंकी का जन्मदिन शुक्रवार - 2 = बुधवार को होगा।

**21. एक घड़ी प्रत्येक दिन 15 मिनिट आगे हो जाती है। यदि उसे दोपहर 12 बजे सही समय पर सेट किया जाता है तो अगले दिन प्रातः 4 बजे घड़ी में कितना समय दिखेगा -**

(अ) 4 : 10 (ब) 4 : 15
(स) 4 : 07 (द) 4 : 12

**उत्तर (अ) 4 : 10**

**हल -** घड़ी 24 घंटे में 15 मिनट आगे होती है दोपहर 12 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक समय = 16 घंटे समय का अंतर 15/24 × 16 = 10 मिनिट अर्थात घड़ी 4 : 10 दिखाएगी।

**22. किसी टैंक में पानी प्रति मिनिट दोगुना हो जाता है यदि टैंक में 120 मिनिट में पानी भर जाता है तो खाली टैंक कितने समय बाद आधा भरेगा -**

(अ) 56 मिनिट
(ब) 60 मिनिट
(स) 119 मिनिट
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (स) 119 मिनिट**

**23. चांदनी का परिचय करवाते हुये ममता ने कहा कि यह मेरे पिता की एकमात्र पुत्री की एकमात्र पुत्री है। ममता का चांदनी से क्या संबंध है -**

(अ) मौसी
(ब) माँ
(स) चाची
(द) नानी

**उत्तर (ब) माँ**

**हल -** चांदनी ममता की पुत्री है अतः ममता चांदनी की माँ हुई।

**24. नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर कौनसी संख्या आयेगी -**
**12, 18, 36, 90, 270, ?**

(अ) 945 (ब) 947
(स) 963 (द) 983

**उत्तर (अ) 945**

**हल -** $12 \times 1.5 = 18, 18 \times 2 = 36, 36 \times 2.5 = 90, 90 \times 3 = 270, 270 \times 3.5 = 945$

**25. 'अ' ने अपनी एक लाख रुपयों की संपत्ति का वितरण बेटे, बेटी एवं भाई में 6 : 3 : 1 में किया तो भाई को बेटे से कितने रुपये कम मिले -**

(अ) 50,000
(ब) 40000
(स) 30000
(द) 20000

**उत्तर (अ) 50,000**

**हल -** बेटे को 60000, बेटी को 30000 और भाई को 10000 मिलेंगे।

**26. एक कक्षा में 7 छात्रों की आयु का औसत 22 वर्ष है। अन्य 14 छात्रों का आयु का औसत 21 वर्ष है। अन्य 20 छात्रों की आयु का औसत 25 वर्ष है। कुल कक्षा की आयु का औसत है -**

(अ) 24
(ब) 23.121
(स) 25
(द) 26

**उत्तर (ब) 23.121**

**हल -** 7 छात्रों की कुल आयु = 22 × 7 = 154
14 छात्रों की कुल आयु = 21 × 14 = 294
20 छात्रों की कुल आयु = 25 × 20 = 500
41 छात्रों की औसत आयु = 948 ÷ 41 = 23.121

**27. अजय ने कहा कि यह लड़की मेरी माँ के पोते की पत्नी है। अजय का उस लड़की से संबंध बताइये -**

(अ) नाना (ब) पिता
(स) ससुर (द) जेठ

**उत्तर (स) ससुर**

**28. अनुज अपनी पत्नी से 3 वर्ष बड़ा है और उसकी उम्र अपने बेटे की 4 गुना है। अगर बेटा 3 वर्ष बाद 15 वर्ष का हो जाता है तो उसकी पत्नी की वर्तमान उम्र क्या है -**

(अ) 45 वर्ष
(ब) 40 वर्ष
(स) 48 वर्ष
(द) 52 वर्ष

**उत्तर (अ) 45 वर्ष**

**हल -** बेटे की उम्र 3 वर्ष बाद होगी 15 वर्ष
अतः वर्तमान में बेटे की उम्र है 15 - 3 = 12 वर्ष
अनुज बेटे से चार गुना बड़ा है अत: अनुज की उम्र होगी 12 × 4 = 48
अनुज की पत्नी अनुज से 3 वर्ष कम है 48 - 3 = 45 वर्ष

**29. हेमंत दो कर्मचारियों में रु. 15600, 7 : 5 में बांटता है। दोनों द्वारा प्राप्त धन में कुल कितना अंतर है -**

(अ) 7100
(ब) 6500
(स) 2600
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर (स) 2600**

**हल -** पहले को मिलेगा 15600/12 × 7 = 9100
दूसरे को मिलेगा 15600/12 × 5 = 6500
दोनों का अंतर होगा = 2600

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

### राइट्स लिमिटेड

**पद का नाम** - सहायक राजमार्ग इंजीनियर, सहायक ब्रिज/स्ट्रक्चरल इंजीनियर, गुणवत्ता नियंत्रण इंजीनियर
**पदों की संख्या** - 60
**योग्यता** - सिविल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री या बैचलर डिग्री या डिप्लोमा होना आवश्यक
**अंतिम तिथि - 06 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://www.rites.com

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद

**पद का नाम** - अधीक्षण अभियंता, जनसम्पर्क अधिकारी, तकनीकी अधीक्षक कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, कनिष्ठ मनोवैज्ञानिक सलाहकार (पुरुष), एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट, फिजियोथेरेपिस्ट (पुरुष), स्टाफ नर्स, कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक- कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, कनिष्ठ अभियंता, लेखापाल, कनिष्ठ तकनीशियन
**पदों की संख्या** - 31
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 10 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://iith.ac.in/careers

### प्रगत संगणन विकास केंद्र

**पद का नाम** - सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर, प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रोजेक्ट इंजीनियर
**पदों की संख्या** - 91
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 05 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://careers.cdac.in

### गेल इंडिया लिमिटेड

**पद का नाम** - सीनियर इंजीनियर (रिनेवल एनर्जी, बॉयलर ऑपरेशंस, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटल, केमिकल, गेलटेल, सिविल), सीनियर ऑफिसर (फायर एंड सेफ्टी, सीएंडपी, मार्केटिंग, फायनेंस एंड अकाउंट, मानव संसाधन, लॉ, मेडिकल सर्विस, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन), ऑफिसर (लेबोरेटरी, सुरक्षा, राजभाषा)
**पदों की संख्या** - 261
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 11 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://gailonline.com/careers

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

**पद का नाम** - वैद्य (चिकित्सा अधिकारी), क्लीनिकल रजिस्ट्रार, नर्सिंग अधिकारी, फार्मासिस्ट, लेखा अधिकारी, मल्टी टास्किंग स्टाफ
**पदों की संख्या** - 29
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 04 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट**- https://nia.nic.in

### सैनिक स्कूल छिंगछिप, मिजोरम

**पद का नाम** - उपबोधक, टीजीटी अंग्रेजी, टीजीटी गणित, टीजीटी सामान्य विज्ञान, टीजीटी कम्प्यूटर विज्ञान, पीईएम/पीटीआई सह मैट्रन (महिला)
**पदों की संख्या** - 06
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 05 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट**- https://sschhingchhip.mizoram.gov.in

### बामर लॉरी एण्ड कंपनी लिमिटेड

**पद का नाम** - वरिष्ठ प्रबंधक (ब्रांड), यूनिट प्रमुख (3 पीएल), उप प्रबंधक (विपणन), उप प्रबंधक (हवाई यातायात संचालन), उप प्रबंधक (सीएसआर एवं मानव संसाधन), उप प्रबंधक (बिक्री एवं विपणन), सहायक प्रबंधक (आईटी), सहायक प्रबंधक (फिको प्रकार्यात्मक), सहायक प्रबंधक (वाणिज्यिक), सहायक प्रबंधक (बिक्री), सहायक प्रबंधक (आईटी साइबर सुरक्षा) , कनिष्ठ अधिकारी (लेखा एवं वित्त), कनिष्ठ अधिकारी (संचालन), कनिष्ठ अधिकारी (गोदाम संचालन), कनिष्ठ अधिकारी (मानव संसाधन एवं प्रशासन)
**पदों की संख्या** - 19
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 06 दिसंबर, 2024**
**वेब.**- https://www.balmerlawrie.com/careers

### जवाहरलाल नेहरू एल्यूमिनियम अनुसंधान विकास और अभिकल्प केंद्र

**पद का नाम** - विभाग अधिकारी (लेखा एवं प्रशासन), वैज्ञानिक सहायक-II, प्रयोगशाला सहायक
**पदों की संख्या** - 04
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 12 दिसंबर, 2024**
**वेब.** - https://www.jnarddc.gov.in

### भारत तिब्बत सीमा पुलिस

**पद का नाम** - सब इंस्पेक्टर, हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल (टेलीकम्युनिकेशन)
**पदों की संख्या** - 526
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 14 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://recruitment.itbpolice.nic.in

### पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

**पद का नाम** - खेल-कूद कोटे के तहत खिलाड़ियों की भर्ती
**पदों की संख्या** - 56
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 16 दिसंबर, 2024**
**वेब.**-https://ecr.indianrailways.gov.in

### मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल

**पद का नाम** - नर्सिंग स्टाफ, पैरामैडिकल स्टाफ एवं अन्य समकक्ष पद
**पदों की संख्या** -
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 14 दिसंबर, 2024**
**वेब.**- http://www.esb.mp.gov.in

### भारतीय स्टेट बैंक

**पद का नाम** - सहायक प्रबंधक (इंजीनियर-सिविल), सहा. प्रबंधक (इंजीनियर-इलेक्ट्रीकल),सहा.प्रबंधक(इंजीनियर-फायर)
**पदों की संख्या** - 169
**योग्यता** - किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री
**अंतिम तिथि - 12 दिसंबर, 2024**
**वेब.**- https://bank.sbi/web/careers

### मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड

**पद का नाम** - युवा पेशेवर (भू-विज्ञान, भू-भौतिकी, ड्रिलिंग इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बिजनेस डेवलपमेंट एंड मार्केटिंग, वित्त एवं लेखा, मानव संसाधन)
**पदों की संख्या** - 26
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 12 दिसंबर, 2024**
**वेबसाइट**- https://www.mecl.co.in

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)



हमारा जिला-अनूपपुर

# पर्वत श्रेणियों, नदियों के उद्गम और आध्यात्मिक अनुभूति का संगम

**मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज, जलवायु, खनिज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए है। 'रोज़गार और निर्माण' के हमारे जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है अनूपपुर जिले का परिचय-**

जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश के दक्षिण-पूर्वी भाग में स्थित है। 15 अगस्त 2003 को अनूपपुर जिले को शहडोल जिले से पृथक कर गठन किया गया है। नवगठित अनूपपुर जिले का कुल क्षेत्रफल 3746.71 वर्ग किलोमीटर है, जिले के पूर्व में छत्तीसगढ़ का कोरिया, दक्षिण में डिंडौरी एवं छत्तीसगढ़ का बिलासपुर तथा उत्तर एवं पश्चिम में शहडोल जिला स्थित है।

### भौगोलिक संरचना

भौगोलिक दृष्टि से यह जिला पर्वत श्रेणियों एवं नदियों से आच्छादित है। जिसे तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। 1. पर्वत श्रेणियों का भाग 2. मध्यवर्तीय पठारी भाग 3. नदियों का भाग। मध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा एवं सोन का उद्गम स्थल अमरकंटक इसी जिले में है। जुहिला, केवई एवं तिपान प्रमुख नदियां हैं, इसके अतिरिक्त अन्य सहायक नदियां भी हैं। जिले में मैकल पर्वत की श्रेणियां दक्षिण से पूर्व तक फैली हुई हैं।

### जलवायु तथा वर्षा

जिले की जलवायु समशीतोष्ण है। यहां जून का महिना सबसे गर्म रहता है। जनवरी में सबसे कम तापमान रहता है। जिले का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक एवं न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

### साक्षरता

जनगणना 2011 के अनुसार जिले की साक्षरता की दर 67.90 है। जिसमें पुरुष 78.30 प्रतिशत एवं महिलायें 57.30 प्रतिशत साक्षर हैं।

### प्रशासनिक संरचना

15 अगस्त, 2003 से अनूपपुर जिला अस्तित्व में आया। यह जिला 04 राजस्व अनुविभाग, 04 तहसीलें, 04 जनपद पंचायतें एवं 282 ग्राम पंचायतों में विभाजित है। जिले में 04 नगरपालिका एवं 02 नगरपंचायतें हैं।

### फसलें

धान, कोदो, कुटकी तथा मक्का जिले की प्रमुख फसलें हैं। इसके अलावा गेंहू का भी उत्पादन होता है। दलहन में उड़द, अरहर, मसूर एवं चना प्रमुख हैं। तिलहन में तिल, राई, रामतिल एवं मूंगफली है। अब सूरजमुखी एवं सोयाबीन की खेती भी की जाने लगी है।

### उत्पादन

अनूपपुर जिले में सहजन का बहुतायत में उत्पादन होता है जो अन्य राज्य में निर्यात किया जाता है। यहां किसानों द्वारा आत्मा परियोजना के सहयोग से स्ट्रॉबेरी का उत्पादन किया जा रहा है। शासकीय उद्यान अमरकंटक एवं किरगी में नाशपाती का उत्पादन किया जाता है।

### वन

जिले का 20.40 प्रतिशत भाग वनों से अच्छादित है। मुख्य वृक्ष साल, आंवला, सागौन, सरई, बबूल, सीसम, आदि हैं।

### यातायात

यातायात की दृष्टि से जिले में सड़क यातायात अधिक है। यहां रेलवे यातायात की सुविधा भी उपलब्ध है। जिले में अमलाई, अनूपपुर, जैतहरी, व्यंकटनगर, कोतमा, बिजुरी मुख्य रेलवे स्टेशन हैं।

### लोक स्वास्थ्य

चिकित्सा सुविधा की दृष्टि से जिले में एलोपैथिक चिकित्सालय एवं औषधालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, आयुर्वेदिक-होम्योपैथिक औषधालय हैं।

### दर्शनीय स्थल

जिले के अमरकंटक में नर्मदा, सोन एवं जुहिला नदियों का उद्गम स्थान है। जहां नर्मदा मंदिर, सोनमुडा, कपिलधारा, दूधधारा एवं माई की बगिया आदि दर्शनीय स्थल हैं।

### नर्मदा उद्गम मंदिर

अमरकंटक, विंध्य और सतपुड़ा पहाड़ियों की पर्वत श्रृंखला में स्थित है। नर्मदा नदी यहीं पहाड़ी से निकलती है। जिसे गाय के मुंह के आकार का बनाया गया है। ऐसा कहा जाता है कि यह मैकल, व्यास तथा भृगु ऋषियों के साधना का स्थान रहा

है। ऐतिहासिक प्रमाणों से पता चलता है कि इसे कलचुरी द्वारा बारहवीं शताब्दी के आसपास बनाया गया था। नर्मदा उद्गम कुंड (नर्मदा का जन्म स्थान) बघेलों द्वारा बनाया गया था। बाद में नागपुर के राजा भोंसले ने नर्मदा मंदिर को आकार दिया, फिर महारानी देवी अहिल्या बाई होल्कर ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। मंदिर और देवी देवताओं की मूर्तियों के साथ मंदिरों का एक बड़ा परिसर मंदिर के चारों ओर बनाया गया है। एक हाथी और एक घोड़े की मूर्ति है, जिस पर लखन और ऊदल की मूर्तियां रखी गई हैं।

### अमरकंटक

यहां नर्मदा जी को समर्पित लगभग 12 मंदिर हैं। यहां का नर्मदा मंदिर प्रसिद्ध है, जो नर्मदा नदी के उद्गम के आसपास बनाया गया है। भारतीय पुरातत्व विभाग ने यहां के मंदिर को संरक्षित स्थल घोषित किया है। इस शहर का धार्मिक महत्व विभिन्न संप्रदाय के लोगों को आकर्षित करता है। यहां साधु-महात्माओं के कई आश्रम हैं।

### अमरकंटक के प्रमुख स्थल

नरमदेश्वर मंदिर में नर्मदा नदी के उद्गम स्थल पर पवित्र कुंड मंदिर है। नर्मदा मंदिर के परिसर में लगभग 20 छोटे मंदिर हैं, जिनमें से हर एक मंदिर विशेष मान्यता रखता है। यहां का सती मंदिर देवी पार्वती को समर्पित है।

**माई की बगिया** - मुख्य मंदिर से एक किलोमीटर क्षेत्र में उद्यान है, जो घने क्षेत्र में स्थित है। यह लोकप्रिय स्थल है। पूर्व दिशा में नर्मदा मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर माई की बगिया है। जिसे चरणोतक कुंड भी कहा जाता है। यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है।

**सोनमुड़ा** - सोन नदी की उत्पत्ति का स्थल है। यह एक सूर्योदय बिंदु भी है। दक्षिण दिशा में नर्मदा मंदिर से 2 किलोमीटर की दूरी पर सोनमुड़ा नर्मदा की सहायक नदी सोनभद्र का उद्गम स्थान है, जहाँ सोन (भगवान ब्रह्मा के पुत्र) और भद्रा नाम के दो कुंड मिलकर सोनभद्र का निर्माण करते हैं, और यहाँ से बहते हैं। सोनभद्र (300 फीट ऊंचाई) के नाम पर एक जलप्रपात भी है।

**भृगमांदल** - यह भृगु ऋषि का साधना स्थल है। यहां भृगु ऋषि ने लम्बे समय तक जप-तप किया था।

**कबीर चबूतरा** - यह संत कबीर के ध्यान का स्थल है।

**ज्वालेश्वर महादेव** - जोहिला नदी की उत्पत्ति ज्वालेश्वर से हुई है। यह ज्वालेश्वर महादेव का मंदिर है। इस मंदिर के पास एक सूर्यास्त बिंदु है।

**कपिलधारा** - नर्मदा नदी की उत्पत्ति से 8 किलोमीटर की दूरी पर, नदी 100 फीट की ऊंचाई से गिरती है, जो दूधिया झरने का निर्माण करती है। यह कपिलधारा के रूप में

जाना जाता है। मान्यता है कि यह कपिल ऋषि की साधना स्थली है।

**दूधधारा** - कपिलधारा से एक किलोमीटर की दूरी पर दूधधारा नामक नर्मदा नदी पर एक और सुंदर झरना है।

**शंभुधारा और दुर्गधारा** - कुछ किलोमीटर दूर पर गहरे जंगल में दो अन्य अत्यंत सुंदर झरने हैं।

**श्री सर्वोदय दिगम्बर जैन मंदिर** - श्री सर्वोदय दिगम्बर जैन मंदिर में प्रथम तीर्थंकर परम आराध्य 1008 भगवान श्री आदिनाथ की प्रतिमा स्थापित है। विश्व में सर्वाधिक वजनी 24 टन अष्टधातु की विशाल प्रतिमा को 28 टन अष्टधातु के कमल पर विराजित (कुल वजन 52 टन) किया गया है। यह प्रतिमा ज्ञानवारिधि आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महामुनिराज तथा ससंघ 44 निर्ग्रंथ शिष्य मुनिगणों के सानिध्य में गुरुवार 6 नवम्बर, 2006 को विराजित की गयी।

**श्री यन्त्र मंदिर** - इस मंदिर की सबसे प्रमुख विशेषता प्रवेश द्वार पर 4 सिर वाली विशाल मूर्ति है। यह मूर्ति देवी लक्ष्मी, सरस्वती, काली और भुवनेश्वरी का प्रतिनिधित्व करती है। उनके नीचे भगवान गणेश और कार्तिक की मूर्तियों के साथ 64 योगिनियों की मूर्तियां हैं। मंदिर को श्री यंत्र, श्री चक्र के 3डी प्रक्षेपण के रूप में बनाया गया है, यह शक्ति की अवधारणा का ज्यामितीय प्रतिनिधित्व है।

**जिला एक नजर**

क्षेत्र : 3746.71 वर्ग किलोमीटर
आबादी : 7,49,237
(वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार)
भाषा : हिंदी
पुरुष : 3,79,114
महिला : 3,70,123

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

## खेल चर्चा

### बजरंग पूनिया पर लगा चार वर्ष का प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूनिया पर डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के कारण चार वर्ष के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। नाडा ने कहा कि बजरंग ने राष्ट्रीय टीम में चुने जाने के लिए 10 मार्च 2024 को आयोजित हुए ट्रायल के दौरान डोप परीक्षण के लिए सैंपल देने से इनकार कर दिया था। नाडा ने इससे पूर्व 23 अप्रैल को भी बजरंग को निलंबित कर दिया था। इसके बाद विश्व कुश्ती महासंघ ने भी बजरंग को निलंबित कर दिया था। बजरंग ने इस प्रतिबंध के खिलाफ नाडा के अनुशासनात्मक डोपिंग पैनल में अपील की थी। अनुशासनात्मक डोपिंग पैनल ने 31 मई को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस जारी किए जाने तक इस प्रतिबंध को रद्द कर दिया था। माना जा रहा है कि बतौर खिलाड़ी बजरंग का कॅरियर अब खत्म हो गया है, क्योंकि अब वह किसी भी प्रतिस्पर्धा में भाग नहीं ले सकेंगे।

### भारतीय क्रिकेट टीम ने पर्थ में लहराया परचम

# पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया

**पर्थ,** भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे का आगाज शानदार जीत के साथ किया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले गए पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हरा दिया है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली बार टेस्ट मैच हारी है।

नियमित कप्तान रोहित शर्मा की जगह मैच में कप्तानी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने उछाल भरी पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहली पारी में भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। भारत के 6 विकेट महज 73 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद ऋषभ पंत (37) और नीतिश कुमार रेड्डी (41) ने पारी को संभाला, जिसकी बदौलत भारतीय टीम 150 रन बनाने में सफल रही।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आई ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारतीय तेज गेंदबाजों ने बैकफुट पर धकेल दिया। जसप्रीत बुमराह (5 विकेट), हर्षित राणा (3 विकेट) और मोहम्मद सिराज (2 विकेट) की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 104 रन ही बना सकी।

दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जायसवाल और के.एल. राहुल ने पहले विकेट के लिए 201 रनों की साझेदारी कर भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। राहुल ने 77 रन बनाये वहीं जायसवाल ने 161 रनों की पारी खेली। इनके बाद विराट कोहली ने भी अपने बल्ले का जौहर दिखाया और शतक बनाया। भारत ने 6 विकेट पर 487 रन बनाकर पारी घोषित की। जीत के लिए मिले 534 रनों के लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम शुरुआत में ही दबाव में आ गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम के 4 विकेट 17 रन के अंदर गिर गए। हालांकि ट्रेविस हेड (89) और मिशेल मार्श (47) ने जुझारू पारी खेली, इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी 238 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 3-3, वॉशिंगटन सुंदर ने 2 और हर्षित राणा तथा नीतीश कुमार रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

- **रनों के हिसाब से भारत की ऑस्ट्रेलिया में यह सबसे बड़ी जीत है।**
- **पहली पारी में 150 से कम स्कोर बनाने के बावजूद भारतीय टीम ने तीसरी बार टेस्ट मैच जीता है।**
- **मैच में विराट कोहली ने अपने टेस्ट कॅरियर का 30वां शतक पूरा किया।**
- **विराट सबसे ज्यादा टेस्ट शतक बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं।**
- **मैच में यशस्वी जायसवाल ने अपना चौथा टेस्ट शतक पूरा किया।**

### आईपीएल के तीन सीजन का शेड्यूल हुआ जारी

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के अगले तीन सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया है। बीसीसीआई ने बताया कि आईपीएल-2025 का आयोजन 14 मार्च से 25 मई के बीच किया जाएगा। बीसीसीआई ने पहली बार एक साथ तीन सीजन के शेड्यूल की घोषणा की। बीसीसीआई ने सभी टीम मालिकों को यह भी बता दिया कि वर्ष 2026 और 2027 के लिए भी आईपीएल के लिए यही विंडो रखी गई है। बीसीसीआई ने बताया कि वर्ष 2026 में टूर्नामेंट 15 मार्च से 31 मई तक खेला जाएगा, जबकि वर्ष 2027 में 14 मार्च से 30 मई तक आईपीएल आयोजित होगा।

### गुलवीर ने 10 हजार मीटर दौड़ में बनाया नया रिकॉर्ड

**हाचियोजी,** भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने जापान में आयोजित हाचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस एथलेटिक्स मीट-2024 में पुरुषों की 10 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। प्रतियोगिता में गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर की दौड़ 27 मिनट 14.88 सेकेंड में पूरी जो कि इस स्पर्धा में भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27 मिनट 41.81 सेकेंड से बेहतर था। यह रिकॉर्ड भी पहले गुलवीर के नाम था, जिसे उन्होंने 16 मार्च 2024 को अमेरिका के सैन जुआन में 'द टीईएन' प्रतियोगिता में बनाया था।

# इटली ने लगातार दूसरी बार जीता डेविस कप का खिताब

**मलागा,** इटली ने टेनिस का विश्वकप कहे जाने वाले डेविस कप का खिताब अपने नाम किया है। इटली ने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में इटली ने नीदरलैंड्स को 2-0 से हराया। इटली की जीत के सूत्रधार माटेओ बेरेटिनी और जेनिक सिनर रहे।

फाइनल मुकाबले का पहला एकल मैच इटली के माटेओ बेरेटिनी और नीदरलैंड्स के बोटिक वान डि जैंडस्कल्प के बीच खेला गया। मैच के पहले सेट में जैंडस्कल्प ने बेरेटिनी को कड़ी टक्कर दी, इसके बावजूद बेरेटिनी ने यह सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में बेरेटिनी ने दमदार खेल दिखाया और जैंडस्कल्प को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 6-2 से सेट जीत लिया।

वहीं दूसरे एकल मैच में विश्व के नंबर वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने नीदरलैंड्स के टैलन ग्रीकस्पोर को 7-6 (7-2), 6-2 से हराया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। पहला सेट बराबर रहा और टाईब्रेकर में गया। टाईब्रेकर में सिनर ने 7-2 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में सिनर के सामने ग्रीकस्पोर ज्यादा देर टिक नहीं सके। सिनर ने यह सेट 6-2 से जीता। दोनों एकल मुकाबले इटली ने जीते, जिस वजह से युगल मुकाबला खेलने की जरुरत नहीं पड़ी।

- **इटली ने कुल तीसरी बार जीता है डेविस कप का खिताब।**
- **इटली इससे पहले वर्ष 1976 और 2023 में भी बना था डेविस कप चैम्पियन।**
- **इटली ने इस वर्ष बिली जीन किंग कप भी जीता है।**

### भारत में मैच खेलेगी अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम

**कोच्चि,** विश्व के सबसे लोकप्रिय फुटबॉलर लियोनल मेसी अगले वर्ष भारत में फुटबॉल मैच खेलते हुए नजर आयेंगे, वह लगभग 14 वर्ष बाद भारतीय सरजमीं पर फुटबॉल खेलेंगे। अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम वर्ष 2025 में केरल में अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलेगी। अर्जेंटीना की टीम का नेतृत्व लियोनल मेसी कर सकते हैं। यह मुकाबला जून या जुलाई में खेला जा सकता है। अर्जेंटीना यह मैच किस देश के खिलाफ खेलेगा इसकी घोषणा नहीं की गई है।

### आइवरी कोस्ट ने बनाया ट्वेंटी-20 का न्यूनतम स्कोर

**लागोस,** आइवरी कोस्ट ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम स्कोर का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। आईसीसी पुरुष ट्वेंटी-20 विश्वकप सब रीजनल क्वालिफायर टूर्नामेंट में नाइजीरिया और आइवरी कोस्ट के बीच खेले गए मैच में यह रिकॉर्ड बना। मैच में नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 271 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आइवरी कोस्ट की टीम महज 7 रन पर ऑलआउट हो गई।

### फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप

# मैक्स वर्स्टापेन बने चैम्पियन

**लॉस वेगास,** नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर और रेडबुल रेसिंग टीम के ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन ने लगातार चौथी बार फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीत ली है। वर्स्टापेन ने लॉस वेगास में आयोजित फॉर्मूला-वन ग्रांप्री रेस में पांचवां स्थान हासिल कर ड्राइवर्स चैम्पियनशिप में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

इस सत्र में ड्राइवर्स चैम्पियनशिप में वर्स्टापेन 403 अंकों के साथ पहले पायदान पर हैं, वहीं लैंडो नॉरिस 340 अंकों के साथ दूसरे स्थान और चार्ल्स लेक्लर्क 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं। इस सत्र में अब सिर्फ दो रेस बाकी हैं, ऐसे में अन्य कोई रेसर वर्स्टापेन को शीर्ष स्थान से नहीं हटा सकेगा।

- **मैक्स वर्स्टापेन ने इससे पहले वर्ष 2021,2022 और 2023 में भी जीती थी यह चैम्पियनशिप।**
- **माइकल शुमाकर और लुईस हैमिल्टन सबसे ज्यादा 7-7 बार बने हैं फॉर्मूला-वन चैम्पियन।**

पिछले सत्र में 16 रेस जीतकर इतिहास रच चुके वर्स्टापेन का प्रदर्शन इस सत्र में ज्यादा प्रभावी नहीं रहा। वर्स्टापेन ने इस सत्र में अब तक 22 में से 8 रेस जीती हैं। सत्र की शुरुआत में वर्स्टापेन ने अपना दबदबा कायम रखते हुए 10 में से 7 रेस जीती थीं, लेकिन बाद में उनके प्रदर्शन में गिरावट आ गई। हालांकि इसके बावजूद वर्स्टापेन यह चैम्पियनशिप जीतने में सफल रहे।

### एंडर्स एंटोनसेन ने जीता चाइना मास्टर्स का खिताब

**शेनझेन,** डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने चाइना मास्टर्स बैडमिंटन खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में एंटोनसेन ने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में 21-15, 21-13 से हराया। फाइनल मैच में एंटोनसेन ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और क्रिस्टी को दबाव में ला दिया। पहले गेम में एक समय दोनों खिलाड़ी बराबरी पर थे, लेकिन एंटोनसेन ने लगातार अंक बटोर कर पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में एंटोनसेन के तेजतर्रार खेल के सामने क्रिस्टी ज्यादा देर तक संघर्ष नहीं कर सके और 21-13 से हार गए।

### आईपीएल 2025

# ऋषभ पंत बने आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

**जेद्दा,** वर्ष 2025 में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए खिलाड़ियों की बिसात बिछाना शुरू हो गया है। सऊदी अरब के जेद्दा में आईपीएल-2025 की मेगा नीलामी हुई, जिसमें भारतीय क्रिकेट के स्टार खिलाड़ी ऋषभ पंत का जलवा देखने को मिला। नीलामी में ऋषभ पंत को अपने साथ जोड़ने के लिए सभी टीमें लालायित दिखीं, लेकिन लखनऊ सुपर जाइंट्स ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ने में सफल रही। इस डील के साथ ही ऋषभ आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। पंत इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे।




**श्रेयस बने दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी**

अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइटराइडर्स को चैम्पियन बनाने वाले स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर अब पंजाब किंग्स के लिए खेलेंगे। पंजाब किंग्स ने श्रेयस को 26.75 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। इसके साथ ही श्रेयस आईपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत हासिल करने के मामले में ऋषभ पंत के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। श्रेयस ने अपने आईपीएल कॅरियर की शुरुआत वर्ष 2015 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ की थी, वह वर्ष 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा बने। श्रेयस की कप्तानी में कोलकाता ने पिछले वर्ष आईपीएल का खिताब जीता था।

**वेंकटेश अय्यर पर भी लगा बड़ा दांव**

आईपीएल नीलामी में मध्यप्रदेश के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर छुपे रुस्तम साबित हुए। नीलामी में वेंकटेश तीसरे सबसे ज्यादा कीमत हासिल करने वाले खिलाड़ी बने। वेंकटेश को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा। वेंकटेश पिछले सीजन में भी कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा थे।

- **आईपीएल के इतिहास में यह पहला अवसर है जब तीन खिलाड़ियों पर 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगी है।**
- **आईपीएल के पिछले सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स ने मिशेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।**
- **चहल आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे स्पिनर बने।**
- **चहल को पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा।**
- **के.एल. राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने अपने साथ जोड़ा।**

### वैभव बने आईपीएल के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

**जेद्दा,** आईपीएल-2025 के लिए हुई नीलामी में नवोदित क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सभी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। नीलामी में 13 वर्षीय वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। इसके साथ ही वैभव आईपीएल के इतिहास में किसी भी टीम से जुड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। घरेलू क्रिकेट में वैभव को आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

## इजराइल ने हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम को दी मंजूरी

इजराइल, लेबनान के सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम पर सहमत हो गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम की घोषणा की। यह समझौता इजराइल और लेबनान के बीच हुआ है और 27 नवंबर की आधी रात से लागू हो गया है। इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट युद्धविराम पर सहमत हो गई है। अमेरिका काफी समय से इजराइल और हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम कराने का प्रयास कर रहा था। नेतन्याहू ने युद्धविराम की घोषणा करते हुए कहा कि संघर्ष विराम की अवधि इस बात पर निर्भर करती है कि लेबनान में क्या होता है। हम इस समझौते को लागू करेंगे और यदि हिजबुल्ला इसका उल्लंघन करता है तो इसका जोरदार जवाब देंगे। इजराइल और हिजबुल्ला के बीच हुए युद्धविराम समझौते में दोनों पक्षों के बीच 60 दिनों के संघर्ष विराम पर सहमति बनी। इस समझौते के तहत इजराइल के सैनिक लेबनान से वापसी करेंगे वहीं हिजबुल्ला के लड़ाके भी दक्षिण लेबनान में इजराइल की सीमा से पीछे हटेंगे।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एमपॉक्स की दूसरी वैक्सीन को दी मंजूरी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जापान की फार्मा कंपनी केएम बायोलॉजिक्स की एमपॉक्स वैक्सीन के आपात इस्तेमाल को मंजूरी प्रदान की है। डब्ल्यूएचओ से मंजूरी प्राप्त करने वाली यह एम्पॉक्स की दूसरी वैक्सीन है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि उसने इमरजेंसी यूज लिस्टिंग के तहत एमपॉक्स की वैक्सीन एलसी16एम8 को मंजूरी प्रदान की है। अब इस वैक्सीन को उन जगहों पर इस्तेमाल किया जा सकेगा जहां एम्पॉक्स वायरस का प्रकोप बढ़ेगा। इस वर्ष एम्पॉक्स वायरस का संक्रमण दुनिया के 80 देशों में रिपोर्ट किया गया है। इस वर्ष एम्पॉक्स वायरस संक्रमण के अब तक 39 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। साथ ही अब तक एक हजार से ज्यादा लोग इस वायरस की वजह से जान गवां चुके हैं।

## भारत और यूरोपीय संघ ने ग्रीन हाइड्रोजन के लिए बनाया रोडमैप

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र के लिए एक रोडमैप को अंतिम रूप दिया है। इस रोडमैप में ग्रीन हाइड्रोजन के लिए बुनियादी ढांचे का विकास, प्रौद्योगिकी सहयोग और आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना शामिल है। ब्रुसेल्स में आयोजित भारत-यूरोपीय संघ ऊर्जा पैनल की 10वीं बैठक में इस रोडमैप को मंजूरी दी गई। बैठक में दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और यूरोपीय संघ ने ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग के लिए एजेंडा तैयार कर लिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में भारत और यूरोपीय संघ ने स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु साझेदारी 2025-28 के तीसरे चरण के लिए रोडमैप को अपनाया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सर्वोच्च न्यायालय में संविधान दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

# हमारा संविधान केवल कानून की किताब नहीं है यह निरंतर प्रवाहमान, जीवंत धारा है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होना अत्यंत गौरव की बात है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम 26 नवम्बर को संविधान दिवस मना रहे हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस दिन मुंबई आतंकी हमलों की भी बरसी है।

उन्होंने आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। संविधान के संदर्भ में संविधान सभा की विस्तृत बहस और चर्चाओं को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि "संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है, यह एक भावना है, यह हमेशा युग की भावना है। संविधान निर्माताओं ने हमें देश, काल और परिस्थिति के अनुसार उचित निर्णय लेकर समय-समय पर संविधान की व्याख्या करने की स्वतंत्रता प्रदान की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता अच्छी तरह जानते थे कि भारत के सपने और आकांक्षाएं समय के साथ नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगी और स्वतंत्र भारत के लोगों की जरूरतें तथा चुनौतियां दोनों बदलेंगी। इसलिए, संविधान निर्माताओं ने संविधान को केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा के रूप में निर्मित किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

### पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा संविधान हमारे वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है। संविधान ने पिछले 75 वर्षों में सामने आई विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए सही रास्ता दिखाया है। संविधान ने भारतीय लोकतंत्र के सामने आए आपातकाल के खतरनाक समय का भी सामना किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधान ने देश की हर जरूरत और उम्मीद को पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान द्वारा दी गई शक्ति के कारण ही बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान अब जम्मू-कश्मीर में भी लागू है। उन्होंने कहा कि पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया।

### नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत नागरिकों का जीवन आसान बनाने पर जोर दे रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र दिए गए, जिसका लाभ लगभग 1.5 करोड़ नागरिकों ने उठाया है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों में से एक है, जिसने हर गरीब परिवार को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया है और भारत ही ऐसा देश है, जिसने 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत में हजारों जन औषधि केंद्रों पर दवाइयां 80 प्रतिशत तक की छूट पर बेची जा रही हैं।

### विकसित भारत का निर्माण करना है

प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान हमें मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में सही रास्ता दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि अब भारत के भविष्य का मार्ग बड़े सपनों और बड़े संकल्पों को हासिल करने से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि प्रत्येक नागरिक का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत का मतलब है एक ऐसा स्थान, जहां प्रत्येक नागरिक को जीवन की गुणवत्ता और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का एक बड़ा माध्यम है और यही संविधान की भावना भी है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सामाजिक-आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं जैसे पिछले दशक में लोगों के 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोलना, जिनकी बैंकों तक पहुँच नहीं थी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में चार करोड़ लोगों को पक्के घर सुनिश्चित किए गए, 10 करोड़ घरेलू महिलाओं को गैस सिलेंडर कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के 75 साल बाद भी भारत में केवल 3 करोड़ घर ऐसे थे, जिनमें घरेलू नल की सुविधा थी। उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों में 12 करोड़ से अधिक घरेलू नल जल कनेक्शन दिए हैं, जिससे नागरिकों और विशेष रूप से महिलाओं का जीवन आसान हुआ है।

## यूक्रेन में सैनिक भेजने पर ब्रिटेन और फ्रांस में वार्ता शुरू

ब्रिटेन और फ्रांस की सरकारें यूक्रेन में अपने सैनिक भेजने पर विचार कर रही हैं। यह जानकारी फ्रांसीसी अखबार ले मोंडे की एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच यूक्रेन में सैनिक भेजने पर वार्ता शुरू हो गई है। अखबार ने दावा किया कि नवंबर की शुरुआत में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की पेरिस यात्रा के दौरान उनका फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों से यूक्रेन में संभावित फ्रेंको-ब्रिटिश तैनाती पर गहन विमर्श हुआ। फ्रांस और ब्रिटेन निजी रक्षा कंपनियों के कर्मियों को यूक्रेन में सैनिकों को प्रशिक्षित करने और पश्चिमी देशों द्वारा आपूर्ति किए गए उपकरणों के रख रखाव के लिए भेज सकते हैं।

## कॉप-29 सम्मेलन भारत ने खारिज किया 300 अरब डॉलर का क्लाइमेट पैकेज

भारत ने अजरबेजान की राजधानी बाकू में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (कॉप-29) में विकासशील देशों के लिए बनाए गए 300 अरब डॉलर के क्लाइमेट फाइनेंस पैकेज को खारिज कर दिया है। भारत ने इस राशि को विकासशील देशों की जरूरतों के मुकाबले काफी कम बताया।

जलवायु सम्मेलन के समापन सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहीं चांदनी रैना ने इस पैकेज को खारिज करते हुए कहा कि हम क्लाइमेट फाइनेंस पैकेज से काफी निराश हैं, ये साफ तौर पर दिखाता है कि विकसित देश अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के प्रति इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह कहते हुए खेद है कि यह दस्तावेज महज नजरों का धोखा है। उन्होंने समझौते को पारित करने की प्रक्रिया को अनुचित और मनगढंत करार दिया है। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि यह पैकेज हम सभी के सामने आने वाली बड़ी चुनौती से निपट पाने में अक्षम है। 300 अरब डॉलर का पैकेज विकासशील देशों की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता है।

### भारत को मिला अन्य देशों का समर्थन

जलवायु सम्मेलन में क्लाइमेट पैकेज को खारिज किए जाने का अन्य देशों ने समर्थन किया। इस मुद्दे पर नाइजीरिया, बोलिविया और मलावी खुलकर भारत के साथ आ गए हैं। सम्मेलन में विकासशील देश हर वर्ष 1.3 ट्रिलियन डॉलर की मांग कर रहे थे।

### क्या है क्लाइमेट फाइनेंस पैकेज

संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकासशील देशों को 300 अरब डॉलर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

# अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ जारी किया वॉरंट

अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने इजराइली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया है। नेतन्याहू पर गाजा में युद्ध और अक्टूबर 2023 के हमलों पर युद्ध अपराध तथा मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगाया गया है। हमास द्वारा अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हुए हमले के बाद फिलिस्तीनी क्षेत्र पर इजराइल ने हमला शुरू कर दिया था। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने नेतन्याहू पर गाजा में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के लिए आरोप तय किये हैं। गाजा में इजराइल के हमले में अब तक 44 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और हमास के कमांडर मोहम्मद दाइफ के खिलाफ भी वॉरंट जारी हुआ है, हालांकि इजराइल ने दावा किया है उसने जुलाई 2024 में एक हमले में दाइफ को मार गिराया है।

### मानवता के विरुद्ध अपराधों पर संधि के लिए वार्ता प्रस्ताव पारित

संयुक्त राष्ट्र महासभा की एक प्रमुख समिति ने मानवता के विरुद्ध अपराधों को रोकने और दंडित करने पर पहली संधि पर वार्ता का प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र की कानूनी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया है।

इस समिति में संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देश शामिल हैं। समिति इस वर्ष चार दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को अंतिम मतदान के लिए प्रस्तुत करेगी। इस प्रस्ताव में मानवता के विरुद्ध अपराधों पर संधि को अंतिम रूप देने के लिए वर्ष 2026 और 2027 में तैयारी सत्रों तथा वर्ष 2028 और 2029 में वार्ता सत्रों का आह्वान किया गया है।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।